Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक **संजीवनी टुडे**
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 40 | जयपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024 | पृष्ठ:8 मूल्य: '1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

एमपी-यूपी समेत 8 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

# बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 21 मौतें, रोहतास में झरने में फंसे 6 लोग

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। बिहार में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। भागलपुर में गंगा और कोसी के कटाव में कई घर बह गए हैं। यहां रोहतास के मां तुतला भवानी धाम वाटरफॉल में शनिवार सुबह पानी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। 6 लोग तेज बहाव में फंस गए। वन विभाग की टीम ने उन्हें रेस्क्यू किया। भारी बारिश के बीच बिजली गिरने से पिछले 24 घंटे में 12 जिलों में 21 लोगों की मौत हुई हैं। उधर, उत्तर प्रदेश में नेपाल से लगे जिलों बाढ़ जैसे हालात हैं। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज के करीब 800 गांव लगातार तीसरे दिन भी बाढ़ की चपेट में हैं। शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे लगातार दूसरे दिन बंद है। बलरामपुर में प्राइमरी स्कूल में 3 फीट तक पानी भरा है।

## आगे मौसम कैसा रहेगा...

कोंकण-गोवा, मध्य महाराष्ट्र, केरल, तटीय और दक्षिण कर्नाटक, केरल में 13 से 16 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट है। साथ ही असम, मेघालय, ओडिशा में 13-16 जुलाई, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, अंडमान-निकोबार में 14 जुलाई और नगालैंड-मणिपुर में 14-15 जुलाई को भारी बारिश का अलर्ट है।



## एमपी, यूपी समेत 8 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में आज भारी बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, विदर्भ (महाराष्ट्र), छत्तीसगढ़ में तूफान और बिजली गिरने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना, असम, मेघालय, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, पूर्वी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अंडमान-निकोबार मिलाकर कुल 21 जगह बारिश का अलर्ट जारी किया है। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर, फलौदी के एरिया में पिछले 2-3 दिन से लगातार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर था, जो अब गिरकर 38 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच आ गया। हालांकि जयपुर, अजमेर, टोंक, भरतपुर के एरिया में शुक्रवार को दिनभर धूप रही और उमस रही।

## मुंबई में ऑरेंज अलर्ट, दिल्ली में भी बारिश के आसार

मौसम विभाग ने मुंबई में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे सड़क, रेल और एयर ट्रैफिक सर्विसेस प्रभावित हो सकती हैं। दिल्ली के भी कुछ इलाकों में शुक्रवार देर रात शनिवार सुबह तेज बारिश देखने को मिली। यहां आज भी बारिश होने के आसार हैं। नेपाल में गंडक नदी में पानी छोड़ा गया है। इससे बिहार के बगहा में बाढ़ जैसे हालात बने। मुंबई के एक फुटओवर ब्रिज से गुजरते लोग। यहां आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। राजस्थान के बीकानेर में भारी बारिश के चलते एक रिहायशी इलाके के घर पूरे डूब गए। भागलपुर में कोसी नदी उफान पर है। इसके चलते कई जगहों पर तटबंध में कटाव हो रहा है। असम के गंगटोक में बारिश के चलते तीस्ता का जलस्तर बढ़ा। तीस्ता बाजार भी डूब गया है। यूपी में भी काफी बारिश हो रही है। कानपुर में गंगा उफान पर हैं, कई इलाके डूब गए हैं। शुक्रवार को भोपाल, हरदा में करीब एक घंटा तेज पानी गिरा। इससे पहले धूप खिली हुई थी। मध्यप्रदेश से ट्रफ लाइन भले ही दूर निकल गई हो, लेकिन उत्तरी गुजरात में एक्टिव साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को भोपाल-इंदौर समेत 12 जिले भीगे, जबकि शनिवार को 8 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है।

7 राज्यों की 13 सीटों पर उपचुनाव के नतीजे

# इंडिया ने 10, एनडीए ने 2 सीटें जीतीं, एक निर्दलीय के खाते में गई

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश और बिहार समेत 7 राज्यों की 13 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के नतीजे शनिवार को आए। इनमें से इंडिया ने 10, एनडीए ने 2 सीटें जीतीं। सभी सीटों पर 10 जुलाई को वोटिंग हुई थी। कांग्रेस ने 4, टीएमसी ने 4, आप -डीएमके ने 1-1 सीटें जीती हैं। वहीं, भाजपा के खाते में 2 सीटें गई हैं। एक सीट पर निर्दलीय विजयी हुआ है। इन 13 सीटों में भाजपा के पास 3 सीटें थीं। कांग्रेस के पास 2, टीएमसी के पास 1, जेडीयू के पास 1, आप के पास 1, डीएमके के पास 1, बीएसपी के पास 1 और निर्दलीय के पास 3 सीटें थीं। नतीजों पर राहुल गांधी ने कहा, 'उपचुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया 'भय और भ्रम' का जाल टूट चुका है। किसान, नौजवान, मजदूर समेत हर वर्ग तानाशाही का समूल नाश कर न्याय का राज स्थापित करना चाहता है। अपने जीवन की बेहतरी और संविधान की रक्षा के लिए जनता अब पूरी तरह से इंडिया के साथ खड़ी है। जय हिंदुस्तान, जय संविधान। एनडीए ब्लॉक में 13 में से 11 सीटों पर भाजपा और दो अन्य पर जेडीयू, पीएमके ने चुनाव लड़ा। इनमें भाजपा मध्य प्रदेश की



अमरवाड़ा और हिमाचल प्रदेश की हमीपुर सीट ही जीत पाई। जेडीयू बिहार की रुपौली और पीएमके तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट हार गई। इंडिया ब्लॉक में 13 में से कांग्रेस 9, आरजेडी 1, सीपीआई एम 2 और डीएमके एक सीट पर चुनाव लड़ी। कांग्रेस ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की। इनमें हिमाचल प्रदेश की देहरा, नलगढ़ और उत्तराखंड की बद्रीनाथ, मंगलौर सीट शामिल है। डीएमके ने तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट पर जीत दर्ज की। पंजाब में एकमात्र सीट आप ने जीत ली। यहां भाजपा दूसरे और कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही। पश्चिम बंगाल की 4 विधानसभा सीटों पर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की। पिछली बार भाजपा के पास 3 सीटें थीं, लेकिन इस बार टीएमसी ने तीनों सीटें छीन लीं। यहां टीएमसी अकेले चुनाव लड़ी।

13 हजार फीट की ऊंचाई से कूदे केंद्रीय मंत्री शेखावतः बोले

# मेरे लिए रोमांचकारी दिन, हरियाणा में की देश के पहले एयर स्पोर्ट की शुरुआत

संजीवनी टुडे

जोधपुर। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विश्व स्काई डाइविंग दिवस पर 13 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाते हुए स्काइडाइविंग की। शेखावत करीब 8 मिनट तक हवा में रहे। इस दौरान उनके साथ ट्रेनर मौजूद रहा। शेखावत ने कहा- मेरे लिए यह रोमांचकारी दिन है। आज ऐतिहासिक दिन है, भारत ने भी एयर स्पोर्ट की दुनिया में कदम रख दिया है। मैंने खुद को रोमांचित महसूस किया है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने हरियाणा के नारनौल में देश के पहले स्काइडाइविंग एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत करते हुए यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने स्काइडाइविंग एडवेंचर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा- यह मेरे लिए रोमांचकारी क्षण था। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नारनौल (हरियाणा) की हवाई पट्टी पर स्काइडाइविंग के पहले एयरक्राफ्ट वीटी-एसबीएस को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद खुद भी टैंडम स्काइडाइविंग का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में लोग दूसरे देशों दुबई, सिंगापुर, थाईलैंड और न्यूजीलैंड में जाकर इस एयरो स्पोर्ट्स का आनंद लेते हैं। अब उनको ये सुविधा देश में ही मिलेगी। उन्हें लाखों खर्च कर विदेश नहीं जाना पड़ेगा। शेखावत ने कहा- भारत में ये



फैसिलिटी शुरू होने के बाद निश्चित रूप से लोगों को इस रोमांच को अनुभव करने का मौका मिलेगा ही, लेकिन साथ ही साथ में भारत के पर्यटन क्षेत्र में भी, पर्यटन में इजाफ़े के दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण कदम होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में पर्यटन का क्षेत्र विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस होता जा रहा है। जमीन से आसमान तक बाहें फैलाकर हम पर्यटकों को आमंत्रित कर रहे हैं। शेखावत को स्काइडाइविंग से पहले ट्रेनिंग भी दी गई। ट्रेनर ने उनको बताया कि कंधों पर टैप करते ही आपको हवा में अपने हाथ खोल लेने हैं। हवा में स्काइडाइविंग करते हुए अपने सिर को ऊंचा रखना है, नीचे नहीं देखना है। इसके बाद एयरक्राफ्ट के जरिए उन्होंने जंप किया। शेखावत ने हवा में ही ट्रेनर से बातचीत की।

## सोशल मीडिया पर भी शेयर किए वीडियो

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा- भारत का पर्यटन मंत्री होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी है कि हर किसी के लिए सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि इस खेल के साथ अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें और सुरक्षा मानकों के साथ इसका रोमांच उठा सकें। नीचे आते हुए जब पैराशूट में ट्रेनर ने उनसे पूछा कि आपको इस एडवेंचर में कैसा लग रहा है। आप अभी हवा में हैं। तब शेखावत बोले- यह बेहद रोमांचकारी है। बेहद अच्छा लग रहा है।

जम्मू-कश्मीर के एलजी की शक्तियां बढ़ीं

# दिल्ली की तरह ट्रांसफर-पोस्टिंग में मंजूरी जरूरी, महबूबा बोलीं- कश्मीर में हमारी जिंदगी नर्क बना दी

संजीवनी टुडे

दिल्ली/श्रीनगर। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की प्रशासनिक शक्तियां बढ़ा दी हैं। दिल्ली की तरह अब जम्मू-कश्मीर में राज्य सरकार एलजी की मंजूरी के बिना अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर नहीं कर सकेगी। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत बदले हुए नियमों को नोटिफाई किया है, जिसमें एलजी को ज्यादा ताकत देने वाली धाराएं जोड़ी गई हैं। उपराज्यपाल के पास अब पुलिस, कानून व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे। न्यूज एजेंसी ने बाद में सूत्रों के हवाले से जानकारी दी कि केंद्र ने सिर्फ व्यापार नियमों के लेनदेन में संशोधन किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में बाकी चीजों का जिक्र पहले से ही था। हालांकि एजेंसी ने गृह मंत्रालय का जो नोटिफिकेशन जारी किया है, उसमें पहले के प्रावधान और 12 जुलाई को किए गए बदलावों के बीच स्पष्ट अंतर की जानकारी नहीं दी गई है। किसी प्रकरण में केस चलाने की मंजूरी देने या ना देने और अपील अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि विभाग मुख्य सचिव के जरिए उपराज्यपाल के सामने रखा जाना जरूरी होगा।



## राज्य में सरकार कोई रहे, ताकत एलजी के पास


जम्मू-कश्मीर में इसी साल सितंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ताजा फैसले के बाद राज्य में सरकार किसी भी पार्टी की बने, लेकिन अहम फैसले लेने की शक्तियां ख्र्क्के पास ही रहेंगी। गृह मंत्रालय ने 12 जुलाई को जम्मू-कश्मीर के ख्र्क्के अधिकारों में बदलाव का नोटिफिकेशन जारी किया है। पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जुड़े किसी भी प्रस्ताव को तब तक मंजूर या नामंजूर नहीं किया जा सकता, जब तक मुख्य सचिव के जरिए उसे उपराज्यपाल के सामने नहीं रखा जाए। अभी इनसे जुड़े मामलों में वित्त विभाग की सहमति लेना जरूरी है। उमर अब्दुल्ला - हर चीज के लिए एलजी से भीख मांगनी पड़ेगी: एक और संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव नजदीक हैं। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण, अविभाजित राज्य का दर्ज़ा बहाल करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता इन चुनावों के लिए एक शर्त है। जम्मू-कश्मीर के लोग शक्तिहीन, रबर स्टाम्प एख्र से बेहतर के हकदार हैं, जिन्हें अपने चपरासी की नियुक्ति के लिए भी ख्र्क्से भीख मांगनी पड़ेगी।

# एसओजी ने आरपीए से गिरफ्तार किया ट्रेनी एसआई

संजीवनी टुडे

## एसओजी को आरपीए में देख कर चार ट्रेनी एसआई आरपीए से फरार हो गए

जयपुर। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में पेपर लीक मामले में एसओजी के द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के डर से पुलिस अकादमी राजस्थान जयपुर से 4 ट्रेनी एसआई बिना सूचना दिए भाग गए। इनमें दो महिला व दो पुरूष ट्रेनी एसआई है। एसओजी की टीम ने एक ट्रेनी एसआई को आरपीए से गिरफ्तार किया है। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा के लीक पेपर को पढ कर पास हुए ट्रेनी दिनेश कुमार निवासी धोरीमन्ना बाडमेर को आरपीए ट्रैनिंग सेंटर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने जगदीश गैंग से लीक पेपर खरीद कर पढने के बाद एग्जाम दिया था। इसके अलावा गोविंद कुमार निवासी बदरूना-झाब सांचोर, शंकर लाल निवासी धौरी मना बाडमेर, प्रियंका कुमारी निवासी देवड़ा-जालोर और मोनिका निवासी दादिया सीकर ट्रैनिंग सेंटर छोड़ कर भाग गए। जिनकी एसओजी ने तलाश शुरू कर दी है। गोविंद कुमार निवासी बदरूना-झाब सांचौर का सेंटर जयपुर आया था। गोविंद की मैरिट रेंक 39 आई थी। - परीक्षा में 331 और इंटरव्यू में 28 नंबर आए थे। एसओजी ने जो परीक्षा ली उस में 140 अंक प्राप्त हुए थे। 2. शंकर लाल निवासी धौरी मन्ना बाडमेर का सेंटर जयपुर आया था। मैरिट रैंक 144 आई थी। परीक्षा में 313 और इंटरव्यू में 28 नंबर आए थे। एसओजी ने जो परीक्षा ली उस परीक्षा में 108 अंक प्राप्त हुए थे। 3. प्रियंका कुमारी निवासी देवड़ा-जालौर का सेंटर जयपुर आया था। उसकी मैरिट रैंक 132 आई थी। - परीक्षा में 321 और इंटरव्यू में 21 नंबर आए । एसओजी द्वारा ली गई परीक्षा में 116 अंक प्राप्त हुए थे। 4.मोनिका निवासी दादिया सीकर का सेंटर अजमेर आया था मैरिट रैंक 34 आए थे। परीक्षा में 345.5 और इंटरव्यू में 15 नंबर आए।



14 जुलाई को खुल सकता है जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार

# सबसे पहले सांप पकड़ने वाला जाएगा; इसे आखिरी बार 46 साल पहले खोला गया था

संजीवनी टुडे

पुरी। ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार (खजाना) 14 जुलाई को खोले जाने की संभावना है। मंदिर का खजाना आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। इसे फिर से खोलने का मुद्दा लोकसभा और ओडिशा के विधानसभा चुनावों के दौरान एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बना था। पैनल के सुझाव के मुताबिक पारंपरिक पोशाक में पुजारी पहले मंदिर के अंदर भगवान लोकनाथ की पूजा करेंगे। एहतियात के तौर पर अधिकृत कर्मचारी और एक सांप पकड़ने वाला पहले अंदर जाएगा। 2018 में तत्कालीन कानून मंत्री प्रताप जेना ने विधानसभा में बताया था कि रत्न भंडार में 12,831 भरी (एक भरी 11.66 ग्राम के बराबर) से ज्यादा सोने के जेवर हैं। इनमें कीमती पत्थर लगे हैं। साथ ही 22,153 भरी चांदी के बर्तन और अन्य सामान हैं। भाजपा ने राज्य में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि अगर ओडिशा में भाजपा सरकार बनती है तो 12वीं सदी के मंदिर के खजाने को खोला जाएगा, ताकि उसका लेखा-जोखा किया जा सके।

## 16 सदस्यों वाली हाई लेवल कमेटी ने दिया खजाना खोलने का सुझाव

पुरी में भगवान जगन्नाथ के मंदिर का प्रबंधन राज्य सरकार के कानून विभाग के अधीन है। मंदिर की प्रबंधन समिति ने ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व जज बिश्वनाथ रथ की अध्यक्षता वाली हाई लेवल कमेटी के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है, एसओपी में कुछ बदलाव किए गए हैं और इसे सरकार की मंजूरी के लिए भेजा है। राज्य सरकार की गठित इस 16 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति ने मंदिर के रत्न भंडार की जांच और वहां रखे आभूषणों और कीमती सामान का लेखा-जोखा करने के लिए खजाने को 14 जुलाई को खोलने की सिफारिश की थी। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि राज्य सरकार मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा सिफारिश किए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर्स के कानूनी और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। शनिवार को राज्य सरकार अपने निर्णय के बारे में बताएगी। 12वीं शताब्दी में बना जगन्नाथ मंदिर चार धामों में से एक है। मंदिर के अंदर ही रत्न भंडार है जो दो हिस्सों में बंटा है। इसका बाहरी हिस्सा तो खुला है, लेकिन भीतरी हिस्सा अब रहस्य बन चुका है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि रत्न भंडार में भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के कीमती आभूषण रखे हुए हैं, जो किसी जमाने में राजाओं ने दान किए थे। रथ यात्रा या किसी खास त्योहार के मौके पर विग्रहों को सजाने के लिए बाहरी भंडार से आभूषण निकाले जाते हैं, लेकिन भीतरी भंडार पिछले 46 साल से नहीं खोला गया।



राजस्थान के 20 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में तूफानी बरसात; मकान की छत गिरी, तीन भाई-बहन घायल

संजीवनी टुडे

जयपुर। उत्तरी राजस्थान के जिलों में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। हनुमानगढ़-गंगानगर में तूफान के कारण कई जगह पेड़ और कच्चे मकानों के टीनशेड गिर गए। जयपुर, झालावाड़, चूरू, बूंदी, बारां, बांसवाड़ा, झुंझुनूं, प्रतापगढ़, बीकानेर में भी बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आज (शनिवार) भी उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान के 20 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। श्रीगंगानगर में जैतसर के गांव कीकरवाली जोहड़ी में शनिवार सुबह घर की छत गिर जाने से दो भाई और एक बहन घायल हो गए। शुक्रवार रात को इस इलाके में तेज बारिश हुई थी। घटना के समय बच्चों के माता-पिता घर पर नहीं थे। पिछले 24 घंटे के दौरान श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ एरिया में 40ख्र्ख्र बरसात हुई। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के एरिया में शुक्रवार देर शाम करीब 68ख्र्ख्र की गति से तेज आंधी चली। हनुमानगढ़ के एरिया में बवंडर भी आया। तेज बवंडर के कारण हनुमानगढ़ एरिया में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। हनुमानगढ़ के रावतसर एरिया में तेज बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। टोंक जिले में शुक्रवार रात तेज बारिश हुई। इससे टोंक शहर का संथली नाला उफान पर आ गया। बारिश के बाद बीसलपुर बांध में एक ही रात में 12 सेंटीमीटर पानी आया है। बांध का जल स्तर अब 310.21 आरएल मीटर हो गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मानसून की ट्रफ लाइन अब शिफ्ट होकर उत्तर भारत की तरफ चली गई। इसके कारण राजस्थान में अब बारिश की गतिविधियां कम हो गई। 16 जून से राजस्थान में एक बार फिर से मानसून एक्टिव होगा और तेज बारिश का दौर शुरू होगा। उत्तरी राजस्थान आई आंधी-बारिश के बाद यहां लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली।

पूर्व सीएम महबूबा का दावा-शहीद दिवस पर नजरबंद किया

# गेट पर लगे ताले की तस्वीर शेयर की, उमर बोले- प्रशासन की ज्यादती का आखिरी साल

संजीवनी टुडे

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने शहीद दिवस के दिन उन्हें घर में नजरबंद किए जाने का दावा किया है। महबूबा ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर अपने घर के गेट पर लगे ताले की तस्वीर शेयर की। उनका कहना है उन्हें खिंबर में उनके घर पर नजरबंद किया गया है। महबूबा के अलावा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी शहीद दिवस मनाने पर लगी रोक को प्रशासन की ज्यादती बताया है। महबूबा मुफ्ती ने तस्वीर के साथ लिखा मेरे घर के दरवाजे एक बार फिर से बंद कर दिए गए। मुझे सत्तावाद, उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ कश्मीर के विरोध का प्रतीक मानी जाने वाली मजार-ए-शुहादा जाने से रोक दिया गया। उन्होंने ने लिखा हमारे शहीदों का बलिदान इस बात का सबूत है कि कश्मीरियों की भावनाओं को कुचला नहीं जा सकता। इस दिन शहीद हुए प्रदर्शनकारियों की याद में शहीद दिवस मनाना भी अपराध घोषित कर दिया गया है।

## प्रशासन की ज्यादती का आखिरी साल: उमर अब्दुल्ला



महबूबा के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने भी शहीद दिवस पर सरकार के प्रतिबंधों पर नाराजगी जताई है। जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए लिखा अगले से जम्मू-कश्मीर में 13 जुलाई को 22 शहीदों की याद में शहीद दिवस मनाया जाएगा। गौरतलब है सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को इस साल 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के आदेश दिए हैं। चुनाव आयोग ने राज्य में वोटर्स लिस्ट में अपडेशन को लेकर आदेश जारी कर दिया है। यह काम 20 अगस्त तक पूरा होना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर दो हिस्सों में बांटकर खंडित कर दिया गया। वह सब कुछ छीन लिया गया जो हमारे लिए पवित्र था। वे हमारे इतिहास को मिटाना चाहते हैं। लेकिन इस तरह के हमले हमारे अधिकार और सम्मान की लड़ाई जारी रखने के संकल्प को मजबूत करेंगे।

## खबरें फटाफट

### अक्षत शर्मा का स्लाइड गिटार वादन आज

संजीवनी टुडे



जयपुर। गोपाल कृष्ण स्ट्रिंग्स फाउंडेशन की ओर से रविवार शाम 6:00 बजे यहां कलवाड़ रोड, जयपुर स्थित कृष्ण कुंज विलास में भारतीय शास्त्रीय संगीत संध्या संजोई जाएगी। फाउंडेशन की डायरेक्टर स्वाति शर्मा ने बताया कि इस चौथे संस्करण के कार्यक्रम में कलाकार अक्षत शर्मा स्लाइड गिटार और साबिर खान सारंगी साज पर विभिन्न रागों के सुरीले सुरों की मिठास घोलेंगे। कार्यक्रम में इन साजों की जुगलबंदी का खास आकर्षण रहेगा।

### आईआईएस ने मनाया फ्रेंच दिवस, नृत्य और रैंपवॉक का हुआ संगम



संजीवनी टुडे

जयपुर। मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने फ्रांसीसी स्वतंत्रता दिवस को एक जीवंत कार्यक्रम के साथ मनाया। इसका आयोजन फ्रेंच और जापानी भाषा के शिक्षार्थियों की ओर से किया गया। इस उत्सव में संगीत, नृत्य, नाटक और रैंप वॉक जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों का अनुपम संगम देखने को मिला। विविध प्रकार के पाक व्यंजनों का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा। इसमें पारंपरिक फ्रांसीसी और जापानी भोजन शामिल किए गए। कार्यक्रम ने छात्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और एकता को बढ़ावा दिया। उन्हें विभिन्न परंपराओं को साझा करने और सराहने का अनूठा मंच मिला। यह उत्सव एक शानदार सफलता रही, जो वैश्विक जागरूकता और बहुसांस्कृतिकता को बढ़ावा देने के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सिविल न्यायाधीश ने किया विद्यालय में वृक्षारोपण



संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शनिवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुरा में सिविल न्यायाधीश हर्षित शर्मा ने वृक्षारोपण किया। सिविल न्यायाधीश शर्मा के द्वारा वृक्षारोपण के तहत कल्पवृक्ष रुद्राक्ष अशोक व बादाम आदि के छायादार व फलदार पेड़ों का रोपण किया गया। स्टाफ सचिव रघुनंदन शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सघन वृक्षारोपण के तहत प्रत्येक छात्र अध्यापक द्वारा पांच-पांच पेड़ निश्चित रूप से इस वर्ष के मौसम में लगाने का प्रण लिया गया। इस अवसर पर भामाशाह सीए मोहित गुप्ता, एडवोकेट मंथन शर्मा अध्यापक वेद प्रकाश शर्मा राजेंद्र शर्मा राजेंद्र मीणा कैलाश गुर्जर माया देवी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कृषि पंडित पुरस्कार 2024 का हुआ आयोजन,22 कर्मचारियों का किया सम्मान




संजीवनी टुडे

जयपुर। पावटा क्षेत्र के अंतर्गत कृषि पंडित पुरस्कार 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सह संयोजक कृषि पर्यवेक्षक जे पी मीणा गुवारडी ने बताया कि कार्यक्रम में पंचायत समिति पावटा ,विराटनगर और कोटपुतली से कृषि विभाग का स्टाफ शामिल हुआ। कार्यक्रम संयोजक सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी रमेश भारद्वाज ने पधारे हुए सभी साथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों का सम्मान किया गया तथा पधारे हुए अतिथियों द्वारा विभागीय उत्कृष्ट कार्य करने वाले 22 अधिकारी तथा कर्मचारियों का दुपट्टा पहनाकर तथा सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक रमेश भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यक्रम में विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वालो साथियों के सम्मान के लिए एक मंच उपलब्ध करवाना ही मुख्य उद्देश्य है। भारद्वाज ने आगे बताया कि कृषि पंडित पुरस्कार कार्यक्रम राज्य स्तर पर आयोजन करने की रूपरेखा तैयार कर एक बड़े आयोजन किया जाएगा। जिसमे प्रदेश के उत्कृष्ट कार्य करने वाले साथियों को सम्मानित किया जा सके। कार्यक्रम में पधारे अतिथि रामप्रताप ,कैलाश , ओम भारती सिसोदिया, अमरनाथ तथा अनिल ने संबोधित किया। सह संयोजक जे पी मीणा ने धन्यवाद भाषण दिया व मंच संचालन राधामोहन मीणा ने किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय में किया गया, राष्ट्रीय लोक अदालत में 164 प्रकरणों का निरस्तारण हुआ

संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरोही रुपा गुप्ता जिला एवं सेशन न्यायाधीश सिरोही के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 शनिवार को अध्यक्ष,तालुका विधिक सेवा समिति, पिण्डवाडा मोहित शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। इस लोक अदालत में बेंच संख्या 01 के अध्यक्ष मोहित शर्मा, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, पिण्डवाडा के न्यायालय में से 25 प्रकरणों का निस्तारण किया एवं रुपये 82 लाख 75 हजार रूपये का अवार्ड पारित किया गया। प्रि-लिटिगेशन के प्रकरणों मे से कुल 17 प्रकरणो का निस्तारण किया गया एवं 30 लाख 46 हजार रूपये का अवार्ड पारित किया गया एवं बेंच संख्या 02 की अध्यक्ष प्रियंका तानान, न्यायिक मजिस्ट्रेट




पिण्डवाडा के न्यायालय द्वारा कुल 106 प्रकरणो का निस्तारण किया गया एवं रुपये 45 लाख 54 हजार 2 सौ 21 रूपये का अवार्ड पारित किया गया व न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय पिण्डवाडा में लंबित प्रकरणों मे से कुल 33 प्रकरणो का निस्तारण किया गया। इस प्रकार इस तालुका द्वारा कुल 164 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर 1 करोड 58 लाख 75 हजार 2 सौ 21 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बेंच संख्या 01 के अध्यक्ष मोहित शर्मा ने अपर जिला एवं सेशन न्यायालय में करीब 14 वर्ष से अधिक पुराने लंबित दीवानी मूल प्रकरण रेखा देवी बनाम माधव नागरिक सहकारी बैंक (आदर्श कॉ ऑपरेटिव बैंक) के पक्षकारानों के मध्य लोक अदालत की भावना से समझाईश कर निस्तारण किया गया एवं इसी प्रकार बेंच संख्या 02 की अध्यक्ष प्रियंका तानान द्वारा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, पिण्डवाडा के न्यायालय में लंबित विवादित दीवानी मूल प्रकरण राकेश चुण्डावत बनाम संगीता अग्रवाल के भी पक्षकारानों के मध्य लोक अदालत की भावना से समझाईश कर निस्तारण किया गया। इस लोक अदालत में सदस्य लोक अदालत एवं अधिवक्तागण परबत सिंह देवडा, दिलीप सिंह आढा, बार एसोशियशन के सदस्यगण, न्यायिककर्मी एवं राजस्वकर्मी उपस्थित रहे।

## भगवान जगन्नाथ जी महाराज व माता जानकी का वरमाला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के गंगाबाग में चल रहे श्री जगन्नाथ महोत्सव के छठे दिन वरमाला महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंदिर महंत पूर्ण दास व एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को भगवान जगन्नाथ व माता जानकी का वरमाला महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस बार जगन्नाथ महोत्सव में भगवान जगन्नाथ व माता जानकी को अलग-अलग पांच प्रकार की वर माला धारण करवाई गई। उन्होंने बताया कि इस बार दिल्ली से दो, अलवर, जयपुर तथा हरियाणा से एक-एक वरमाला भगवान जगन्नाथ जी महाराज को धारण कराई गई। इस अलौकिक पल के हजारों लोगों साक्षी बनें। देर रात्रि



भगवान जगन्नाथ जी महाराज व जानकी माता को पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। वहीं इस दौरान भक्तों की भीड़ भगवान जगन्नाथ जी महाराज व माताजी के वैवाहिक समारोह के हजारों लोग साक्षी बनें। इस दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र तिवारी, सचिव हरिओम गुप्ता, सुनील शर्मा, विश्वास मित्तल, तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा, थानाधिकारी रामजीलाल मीना, मुकुल बड़ाया, रोहित शर्मा, गायत्री शर्मा सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## श्री यति दामोदर दास महाराज की समाधि दिवस श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाई

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। पंचायत समिति के सकट क्षेत्र के गांव नारायणपुर मे स्थित नारायण भागवत कुंज आश्रम में शनिवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष की सप्तमी को ब्रह्मलीन संत श्री यति दामोदर दास महाराज का समाधि दिवस कार्यक्रम श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। आश्रम के महंत साईं राम महाराज ने बताया कि समाधि दिवस कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं ने हरिनाम संकीर्तन करते हुए नगर परिक्रमा यात्रा निकाली और भगवान के जयकारे लगाए। महाराज ने बताया कि हरिनाम संकीर्तन परिक्रमा यात्रा की शुरुआत विधिवत यति दामोदर दास महाराज के समाधि स्थल पर पूजा अर्चना व परिक्रमा लगाकर की गई इस दौरान श्रद्धालुओं ने यति महाराज के समाधि स्थल पर मत्था टेक परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। हरि नाम संकीर्तन परिक्रमा यात्रा यति




महाराज के जयकारों के साथ नारायणपुर गांव से रवाना होकर सकट गांव की परिक्रमा करते हुए पुनः नारायणपुर गांव में स्थित नारायण भागवत कुंज आश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु ढोलक झांझ व मंजीरे आदि वाद्य यंत्रों की धुनों के बीच हरे रामा हरे कृष्णा नाम का संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली में ब्रह्मलीन यति दामोदर दास महाराज की प्रतिमा की झांकी भी सजाई गई जो श्रद्धालु के लिए आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा के दौरान श्रद्धालु को फलों का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पं महेंद्र शर्मा, रूप किशोर जैमन, रामावतार सैनी, पूरणमल चौला, लोकेश प्रजापत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### राजगढ़ महाविद्यालय में स्वयं सेवकों ने किया वृक्षारोपण

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त इकाइयों एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी थीम एक पेड़ मां के नाम रखी गई। प्राचार्य डॉक्टर के.एल.मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत 100 पेड़ लगाए गए। क्योंकि पेड़ जीव जगत के अस्तित्व के लिए अनिवार्य हैं। और जिस तरह मां हमारी देखभाल करती है उसी



प्रकार हमें भी पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। प्राचार्य ने सभी स्वयं सेवकों एवं स्काउट रोवर रेंजर्स से एक-एक पेड़ लगवाकर उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी भी सौंपी। साथ ही अपने-अपने घर पर एक एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभी इकाइयों के स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र कुमार,संजय बमनावत,कपिल देव,जितेंद्र यादव,आयुषी गुप्ता एवं पूर्व छात्र परिषद के सदस्य खेम सिंह आर्य,एन. एल.वर्मा, मदनलाल शर्मा.डॉ जगत सिंह मीणा,डॉ देशराज वर्मा,राकेश कुमार मीणा,सहयोग कर्ता पवन कुमार मीना, दीपक, विक्रम,अमन, प्रिंस राजपूत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 240 प्रकरणों का हुआ निस्तारण



संजीवनी टुडे

अलवर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के आदेशानुसार शनिवार को न्यायालय परिसर लक्ष्मणगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया एवं इस दौरान 2 बैंचों का गठन किया गया। जिसमें प्रथम बैंच में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष गोपाल सैनी एवं सदस्य राजस्व अधिकारी ममता कुमारी तहसीलदार एवं सदस्य अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी एवं द्वितीय बैंच में न्यायिक मजिस्ट्रट परनीत कौर एवं सदस्य अधिवक्ता नितिन जैन मौजूद रहे। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित कुल 1477 प्रकरणों को चिन्हित कर रखा गया जिनमें से राजीनामें एवं आपसी सहमति के माध्यम से कुल 240 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। बैंक प्री लिटिगेशन के कुल 856 प्रकरण रखे गये जिनमें से 42 प्रकरणों का राजीनामें से निस्तारण हुआ। साथ ही राजस्व न्यायालयों के 37 प्रकरण चिन्हित किये गये जिनमें से कुल 24 प्रकरणों का राजीनामें से निस्तारण हुआ एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल दो करोड़ बीस लाख सोलह हजार चार सौ पिच्यासी रूपये का अवॉर्ड पारित किया गया। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी मोहकम सिंह, अभिभाषक संघ अध्यक्ष रतन सिंह, रीडर नंदराम चौधरी, रीडर मदनलाल गुप्ता, रीडर मनीष खंडेलवाल, सतीष शर्मा, अमित सोनी,बजरंग सिंह अधिवक्ता पीएलवी अनिल कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर बोले जूली यह अहंकार व तानाशाही के खिलाफ आम आदमी की जीत

संजीवनी टुडे

जयपुर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जोरदार वापसी के बाद 7 राज्यों की 13 सीट पर हुए उपचुनाव में इंडिया को स्पष्ट जनादेश मिलने पर विजय हुए सभी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अहंकार और तानाशाही के खिलाफ आम आदमी की जीत है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में आमजन ने अयोध्या और अब उपचुनाव में बद्रीनाथ में पटकनी देकर जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुए उपचुनाव में लोगों ने एकजुट होकर



इंडिया गठबंधन का साथ दिया है। उन्होंने कहा कि अब लोग समझ गए हैं कि भाजपा को वोट देना केवल बर्बादी है। उन्होंने कहा कि संविधान के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले भाजपाइयों को जनता ने लोकसभा चुनाव के बाद इस उप चुनाव में सबक सिखाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद हताश हुई भारतीय जनता पार्टी को उपचुनाव में जनता ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यह इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत है उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अधिक तादाद में देश में बदलाव की राजनीति का नया सवेरा लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि जनादेश के झटके से आहत भाजपा के नुमाइंदे संविधान हत्या दिवस के बाद अब कोई नया प्रोजेक्ट देश के आवाम का ध्यान भटकाने के लिए लेकर आएंगे।

## मोदरान में न्यू पेंशन स्कीम का विरोध: कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग




संजीवनी टुडे

मोदरान। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फ़ेडरेशन एवम एनडब्ल्यूआरईयू के आव्हान पर पूरे देश में न्यू पेंशन स्कीम के विरूद्ध आज देश भर में व मोदरान रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनडब्ल्यूआरईयू शाखा समदड़ी द्वारा मोदरान स्टेशन पर ट्रेन संख्या 04841 जोधपुर-भीलडी ज. पर एनपीएस के विरोध में सहायक शाखा उपाध्यक्ष नगाराम देवासी के नेतृत्व में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया। नगाराम देवासी ने बताया कि केंद्र सरकार को बार बार समझाइश करने और चेतावनी देने के बावजूद भी कर्मचारियों के हितों के साथ कुठाराघात किया जा रहा है। न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियों के साथ धोखा है। आज कोई एमएलए/सांसद एक दिन भी पद पर रहे तो उसे पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाता है एवम हर बार यह लाभ इन्हे दिया जाता है जबकि एक कर्मचारी अपनी पूरी उम्र सरकारी नौकरी करता है उसके बाद भी उसे गारंटेड पेंशन नहीं मिले तो उस कर्मचारी एवम उसके परिवार का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। सरकार को इस प्रदर्शन के माध्यम से यह चेतावनी दी जाती है कि इस न्यू पेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन स्कीम शीघ्र लागू करे अन्यथा रेल का चक्का जाम करने के सिवा और कोई उपाय संगठन के पास नही रहेगा। प्रदर्शन के दौरान नवल-किशोर मीणा स्टेशन मास्टर, दिनेश कुमार बिश्नोई एसएसई/जालोर मेश कुमार, कमलेश प्रजापति, रवी कुमार, जोधाराम देवासी, अंकित कुमार, अंकित कुमार बनीया, प्रवीण कुमार, जयप्रकाश पारीक, वरदाराम देवासी, नवलाराम, जयपाल , किशन कुमार इत्यादि साथी मौजूद रहे।

## अजारी में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारम्भ किया

संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोंही-13 जुलाई - नगर के निकटवर्ती अजारी ग्राम पंचायत में पंचायत संरपच लीला देवी देवासी एवं उप सरपंच हितेश रावल की अध्यक्षता में किया गया। जानकारी के अनुसार ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फुटेला स्कूल,सार्वजनिक श्मशान घाट व गोचर में पौधरोपण का शुभारम्भ किया गया । वही गांव में स्थित राजकीय विद्यालय परिसर में करीब 101 पौधे लगाकर विद्यार्थियों ने इन पौधों का पोषण करने का संकल्प लिया।इसी दौरान संस्था प्रधान कोमल सागर ने बताया कि हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए समय रहते सजग नही हुए तो आने वाला समय बहुत ही भयावह हो सकता है। वार्ड पंच राकेश रावल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा और एक पेड मॉ के नाम लगाकर



हम सभी देशवासियों से आहृवान भी किया है। इसी अभियान के तहत राजकीय विद्यालय में कुल 300 पौधे लगाने का लक्ष्य है, एस. एम. सी.अध्यक्ष बाबूलाल गरासिया ने प्रकृति को संतुलन बनाए रखने में वृक्षों का महत्व बताया। अतिथि उप सरपंच सरपंच हितेश रावल व वार्ड पंच राकेश रावल ने विद्यार्थीयों को संबोधित करते कहां कि वर्तमान में प्रंचड गर्मी को देखा है, तथा इस पीडा को झेला भी है, भाजपा युवा मोर्चा के वागाराम देवासी ने बताया की प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पेड़ लगाकर उसका ध्यान रखकर सहयोगी बने। इस दौरान स्थानीय वार्ड पंच कनी देवी ने भी पेडो के बारे में अपने विचार रखें। इस मौके पर सीमा कुमारी, सुनीता, अनीता, मनीषा कुमारी, कन्हैयालाल, सोनाराम मीणा, वार्ड पंच अरविंद मीणा, सवाराम देवासी,देसाराम मीणा वह फुटेला ग्राम के ग्राम वासी मौजूद रहे।

## कोटखावदा थाना क्षेत्र में पुलिस पर हमला, शातिर आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

संजीवनी टुडे

### हमले में पुलिस के 2 जवान सहित 1 महिला भी घायल, गांव बना छावनी

चाकसू । शनिवार की शाम को कोटखावदा थाना क्षेत्र के ठीकरिया मीणान गांव में कई मामलों में लिप्त शातिर अपराधियों को पकड़ने जयपुर से गयी पुलिस पर आरोपी व उसके परिजनों ने हमला कर दिया। जिसमें 2 पुलिसकर्मी सहित आरोपी परिवार की 1 महिला घायल हो गयी। वही पुलिसकर्मियों को स्थानीय अस्पताल कोटखावदा सीएचसी भर्ती करवाया गया, जंहा उनकी हालत गम्भीर होने पर जयपुर रैफर कर दिया गया है। घटना के बाद पूरा गांव पुलिस की छावनी बन गया और एसीपी सुरेंद्र सिंह बड़े स्तर के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिये



कई लोग गांव से फरार हो गए है। वही मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम को प्रताप नगर जयपुर की पुलिस ठीकरिया मीणान गांव में कई मामलों में लिप्त लोगो को दबिश देने पहुंची थी और वही आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिये पुलिस की टीम पर लाटी डंडे व पत्थर से हमला कर दिया। वही पुलिस ने भी बचाव में फायरिंग की? गई और जिससे आरोपियों में दहशत फैल गयी और वही मोके से भाग छुटे। गौरतलब है कि प्रताप नगर थाने की स्पेशल टीम ठीकरिया मीणान में आरोपी कृष्ण कुमार मीणा व महेंद्र मीणा के घर पहुंची और इस दौरान परिजनों ने पुलिस के साथ लाठी डंडे से हमला किया ओर पकड़े गए महेंद्र को छुड़ा लिया तथा वह मौक़ेसे फरार हो गया। लेकिन इतना होने के बाद भी पुलिस ने हिम्मत दिखाते हुए हुए दूसरे आरोपी कृष्ण कुमार को दबोच लिया। यंहा बता दे कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मोबाईल चोरी चेन स्केचर, लूटपाठ के मामले दर्ज है। जानकारी के अनुसार कार्यवाही में कुल 6 पुलिस कर्मी थे इनमें सिपाही शंकर लाल यादव भोज्याडा व दूसरा सिपाई वेदप्रकाश यादव कोटपुतली जगदीशपुरा हैं, जों दोनों प्रताप नगर थाने में कार्यरत हैं। यह गम्भीर घायल हो गए। वही बचाव में हुई हवाई फायरिंग में एक महिला के भी घायल होने के भी समाचार मिले है।

## भारतीय जनता पार्टी की सरकार में तो हर रोज संविधान हत्या दिवस मनाया जाता है: जूली

संजीवनी टुडे

जयपुर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में तो हर रोज संविधान हत्या दिवस मनाया जाता है आज यह कौनसे संविधान हत्या दिवस की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के हत्यारे संविधान हत्या दिवस की बात कर रहे हैं यह उनके मुंह से अच्छा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का संविधान बचाओ का मुद्दा इनके गले की फांस बना हुआ है, इस घाव को भरने के लिए यह अब संविधान हत्या दिवस जैसे शब्दों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के पीएम की असफलता और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कवायद है। जूली बोले जनविरोधी नीतियों से देश के आवाम का ध्यान भटकाने के लिए करीब 5 दशक बाद इन्हें कहां से संविधान की याद आ गई। जूली बोले अगर बात ही करनी है तो महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था की बात करें जो आज देश की जरूरत है। जूली ने कहा कि



भारतीय जनता पार्टी और उनकी सरकारी मशीनरी लोकतंत्र की हत्या कर रही है।उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में धांधली और भादरा में चुनाव ही स्थगित कर दिया गया यह असली लोकतंत्र हत्या दिवस है। जूली बोले पिछले 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति बनी हुई है और देश के पीएम भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की तरह सस्ती लोकप्रियता की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका परिणाम इन्हें लोकसभा चुनाव और आज उपचुनाव में परिणाम के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 4 जून को देश की जनता ने इनके 400 पार के अहंकार वाले गुब्बारे की हवा निकाल दी जिसे मोदी मुक्ति दिवस के रूप में तथा 8 नवंबर को देश की जनता पर अपने अहंकार का नोटबंदी के रूप में हंटर चलाया गया जिसे आजीविका हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जूली ने आरोप लगाया कि देश की निष्पक्ष सरकारी एजेंसियों का भारतीय जनता पार्टी दुरुपयोग कर संविधान की मर्यादाओं को तार-तार कर रही है। देश के गरीब और वंचित वर्ग से उनका आत्म सम्मान छीना जा रहा है दलितों,आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के अधिकारों पर कुठाराघात कर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान को इनके राज में कुचला जा रहा है और यह हास्यास्पद बात कर रहे हैं संविधान हत्या दिवस की।

## खबरें फटाफट

### एक पेड़ अपने लिए एक पेड़ अपनों के लिए पहल के तहत किया पौधारोपण



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़ । महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अनावड़ा में एक पेड़ अपने लिए व एक पेड़ अपनों के लिए कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया ।विद्यालय की प्रिंसिपल उमा तिवाड़ी व नेमी नीमला ने बताया की शनिवार को विद्यालय मे एक पेड़ अपने लिए एक पेड़ अपनों के लिए पहल के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम मे सेंकड़ों की संख्या मे छायादार एवं फलदार पेड़ - पौधे लगाए ।जिसमे उपस्थित विद्यालय स्टाप से पियूष भारद्वाज, कृष्ण कुमार यादव,सुरेश बैरवा,कैलाश ,सिलेशमा सैनी,सुमन,नेहा साहू,मोनिका ,सुनीता सैनी एवं विद्यालय के छात्र आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से राजीनामे करवाये गये

■ संजीवनी टुडे

आहोर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष हारुन व सचिव अहसान अहमद के आदेशानुसार सिविल न्यायालय आहोर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया इस दौरान न्यायाधीश सुधीर चौहान ने बताया कि आहोर मुख्यालय पर सिविल न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें लोक अदालत जेएम कोर्ट व उपखंड क्षेत्र के समस्त राजस्व न्यायालयों प्रकरणों राजस्व न्यायालयों एवं प्रि लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया गया वहीं फौजदारी मामले में दो साल पुराने दो भाईयों के विवाद में समझाइश कर राजीनामा करवाया गया ।इस दौरान उपखण्ड अधिकारी शंकर लाल मीणा,बेसं मेंबर गजेन्द्र सिंह, एडवोकेट संजय कुमार, एडवोकेट पारसाराम,रीडर थाना राम, सदस्य स्थाई लोक अदालत रमेश कुमार, प्रताप राम, रणदीप, रामलाल, भोलाराम व परिवादी उपस्थित रहे।

### संभागीय आयुक्त ने भाद्राजून में की रात्रि चौपाल



■ संजीवनी टुडे

भाद्राजून । संभागीय आयुक्त ने शुक्रवार को आहोर उपखण्ड की भाद्राजून ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। रात्रि चौपाल के दौराना ग्रामीणों ने विद्युत, पानी, सड़क, ग्राम की नालियों व वार्डो में सफाई करवाने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनका मौके पर ही उन्होनें निस्तारण किया गया। उन्होंने जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए पानी एवं बिजली की सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर पूजा पार्थ, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, आहोर उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीना, तहसीलदार लधाराम पंवार सहित विभिन्न ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गुरु पूर्णिमा के दिन से 12 साल के लिए महंत मौन व्रत का लेंगे संकल्प

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर।हाडा रानी की वीर धरा पर गुरु पूर्णिमा के दिन से 12 साल के लिए महंत मौन व्रत का लेंगे संकल्प।सलूंबर जिले के समीपवर्ती बनोडा सेदडी नांनगा त्रिवेणी मठ पर महंत रामानुजन पुरी महाराज 12 साल के लिए मौन महाव्रत संकल्प रखने जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बहुत खुशी की बात है कि ग्रामवासी और जिलेवासियों के लिए जिले में पहली बार बहुत ही बड़ा मौन व्रत होगा।गुरु पूर्णिमा के दिन 21 को रात्रि 12 बजे से महंत 12 सालों के लिए मौन व्रत धारण करेंगे। वही बताया कि गुरुजी का आशीर्वाद सभी को मिला है।बताया की सभी भक्तों से निवेदन है कि गुरु पूर्णिमा के दिन अधिक से अधिक सभी भक्त पधारे और गुरुजी का आशीर्वाद लेवे।

### पानी की मोटर चोरी मे 2 अभियुक्त गिरफ्तार व मोटर बरामद

■ संजीवनी टुडे

सलुम्बर। झल्लारा पुलिस ने पानी की मोटर चोरी करने के मामले मे 2 अभियुक्त को गिरफ्तार किया व चोरी की गई मोटर बरामद की गई। झल्लारा थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला ने बताया की थाने पर 11 जुलाई को प्रार्थी गोतमलाल पिता कोदरजी पटेल निवासी नोखली थाना झल्लारा ने रिपोर्ट दी कि मेरे खेत पर कुऐ मे सिचाई हेतु 3 एचपी पानी की मोटर लगा रखी थी जो रात्रि मे अज्ञात चोरो द्वारा मेरी मोटर पाईप काटकर चुराकर ले गये।उक्त रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर संदिग्ध व्यक्तियो के बारे मे मुखबिरानो से मालुमात की गयी एवं पुर्व के चालानशुदा अपराधियो से पुछताछ एवं संदिग्ध व्यक्तियो की गतिविधियो पर कड़ी नजर रखी गयी आसपास मुखबीरानो एवं तकनीकी सहायता से पता किया।

# राज्य सरकार के निर्देशानुसार बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो सुनिश्चित: केवलरमानी

■ संजीवनी टुडे

### प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक



सलूंबर। जनजाति आयुक्त तथा जिले के प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी ने शनिवार को जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी घोषणाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन संबंधी कार्यो के प्रस्ताव अविलंब तैयार कर लिए जाएं और इसके लिए जिला कलेक्टर एवं उच्च स्तर से समन्वय रखा जाए। घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। प्रभारी सचिव ने जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की एक-एक कर समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर इनकी नियमित समीक्षा होगी। प्रभारी सचिव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और पाइपलाइन संबंधी कार्य, नए जीएसएस बनाने, सड़क निर्माण के निर्माण सहित प्रत्येक बजट घोषणा के मध्यनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जाना और कहा कि जिला स्तर पर भी इनकी नियमित समीक्षा की जाए। प्रत्येक विभाग को टाइम बाउंड लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी सचिव ने जिले में पेयजल सप्लाई की स्थिति और पेयजल गुणवत्ता, ट्रांसफॉमर्स और विद्युत सप्लाई की स्थिति के बारे में भी जाना। उन्होंने मौसमी बीमारियों जांच और दवाओं की उपलब्धता, पशु स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस और दवाओं के बारे में जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने मुख्यमंत्री पौधारोपण महाभियान के लक्ष्य और इनकी तुलना में अब तक पौधारोपण और भावी कार्ययोजना के बारे में जाना उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा भी की। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। प्रत्येक विभागीय अधिकारी को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला और संबंधित विभाग स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष जिले में 50 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए स्थान चिन्हित करते हुए क्रमबद्ध पौधारोपण किया जा रहा है आने वाले समय में इस क्रम को और अधिक गति दी जाएगी और पहल योजना के कैंप द्वारा जिले के प्रत्येक पात्र परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी चल रहा है और उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव और जागरूकता के लिए चिकित्सा विभाग द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे तथा एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बैठक के पश्चात जिला प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी ने दोपहर में जिले में स्थित प्रसिद्ध मंदिर सोनार माता पहुंची तथा वहां मातारानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू एवं एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत साथ में रहे। जिला प्रभारी सचिव ने सोनार माता मंदिर दर्शन के पश्चात जिले के बरोड़ा गांव में स्थित नवनिर्मित जिला अस्पताल के भवन का निरीक्षण कर कार्य के प्रगति की जानकारी ली नवनिर्मित जिला अस्पताल के लोकेशन को देखकर प्रभारी सचिव काफी प्रभावित हुई और उन्होंने निर्माण कार्य के प्रति भी संतोष व्यक्त किया निरिक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एसीईओ दिनेश चन्द्र पाटीदार, एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमंत खटीक, डीओआईटी जीवनराम मीणा, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर,राम रतन खटीक एवीवीएनएल, विवेक कछार पीएचईडी, गोस मोहम्मद कृषि विभाग, पीआरओ पुष्पक मीणा, हेमन्त पंडिया, दीपक कुल्हार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला को हिप्नोटाइज कर सोना ठगने वाला रतलाम से पकड़ा: उदयपुर से फतहनगर-कपासन गए फिर ट्रेन से निकल गए

■ संजीवनी टुडे

### पहले चैन्नई में भी कर चुका वारदात



उदयपुर।उदयपुर के व्यस्तम बापूबाजार में पिछले महीने एक महिला को हिप्नोटाइज कर सोना ठगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को मध्यप्रदेश के रतलाम से गिरफ्तार किया। मामले में दूसरा आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। इस मामले में ये आरोपी पहले यहां से बस से और बाद में कपासन से ट्रेन में सवार होकर मध्यप्रदेश चले गए। बदमाश से सोने के गहने बरामद कर लिए है। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि 28 जून के इस मामले में टीम ने रतलाम के जावरा की महावीर कॉलोनी हॉल जावरा के रोजाना रोड हुसैन टेकरी निवासी 45 साल के असलम खान पुत्र मंजूर खान जाफरी को गिरफ्तार किया जो मुख्य आरोपी है। इस मामले में जावरा रतलाम के रोजाना रोड हुसैन टेकरी निवासी 34 साल का इरफान उर्फ जीतु पुत्र अकरम अली पंजाबी फरार है जिसकी तलाश जारी है। सूरजपोल थानाधिकारी सुनील चारण ने बतायाकि गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सोने की चुडिया बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि असलम खान इस तरह की घटना करने का आदि है और इस प्रकार की घटना के मामले में चेन्नई में भी गिरफ्तार हुआ था। इसके अलावा अन्य प्रकरण मिलाकर चार मामले दर्ज है। तब एसपी ने घटना की गंभीरता को देखते हुये एएसपी सिटी उमेश ओझा, वृताधिकारी छागन पुरोहित और सूरजपोल थानाधिकारी सुनील चारण के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

फतहनगर से कपासन आटो से गए बताते है कि आरोपी ने बापूबाजार में घटना को अंजाम देने के बाद ठोकर चौराहा पहुंचे और वहां से बस पकड़ कर फतहनगर पहुंचे। आरोपी वहां से आटो कर कपासन गए और कपासन रेलवे स्टेशन से ट्रेन के जरिए मध्यप्रदेश चले गए। पुलिस ने बताया कि ये मजदूरी का ही काम करते है। पुलिस की टीम में ये यह सब थेसूरजपोल थानाधिकारी चारण के साथ टीम में उप निरीक्षक विरम सिंह, सहायक उप निरीक्षक प्रकाशचंद्र, एएसआई साइबर सेल गजरा सिंह, हैड कांस्टेबल वसनाराम, कांस्टेबल सुमेरसिंह, भारमल, दिलीपसिंह और सीसीटीवी एक्सपर्ट अनिल जैन शामिल थे। इसमें विरम सिंह की विशेष भूमिका रही।अपार्टमेंट निवासी रेखा पत्नी दीपक जैन ने रिपोर्ट देकर बताया था कि वो पति को टिफिन देकर किराणा का सामान लेने देहलीगेट गई तब उसको हिप्नोटाइज कर साढ़े चार लाख का सोना, मोबाइल और कैश ठग लिए। उस समय करीब 7 मिनट तक महिला वही करती रही जो ठग ने कहा। ठगों ने आगे कहा- आप यह रुपए मत दीजिए बल्कि किसी दुकान से दक्षिण दिशा में जाकर अगरबत्ती ले आइए। इसके बाद जब वह लौटी तो ठगों ने सोने की चूड़ियां, मंगलसूत्र, चेन, पर्स और मोबाइल मांगा। वह जो भी मांगते रेखा उन्हें देती गई। रेखा ने बताया- सोने-चांदी का आइटम मिलाकर करीब 4.38 लाख रुपए के थे। पर्स में 1100 रुपए थे, वह भी ले गए।

# प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने बजट घोषणा के कार्यां का किया निरीक्षण

■ संजीवनी टुडे

### भूमि आवंटन को लेकर दिए आवश्यक निर्देश



आहोर -जालोर। जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के कार्यां का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की क्रियानविति को लेकर भूमि आवंटन संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर स्वीकृत करवा कर पूरे करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव शर्मा ने पंचानवा नदी पर पुल निर्माण, बिठुडा-चांदराई सड़क निर्माण कार्य, भैंसवाड़ा डाईवर्जन कैनाल पर बॉक्स कलवर्ट पूल निर्माण कार्य का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात प्रभारी सचिव ने जालोर शहर में पिंक टॉयलेट कॉम्पलेक्स, बायो टॉयलेट कॉम्पलेक्स निर्माण तथा जालोर शहर में सीवरेज लाईन निर्माण कार्य की साईट का भी निरीक्षण कर विभिन्न कार्यां के लिए भूमि आवंटन होने वाले स्थानों का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें निरीक्षण के पश्चात विभागीय अधिकारियों को राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को लेकर प्राथमिकता के साथ निर्धारित कार्यों एवं प्रक्रियाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भुज खोड़ीवाल, एक्सईएन रमेश सिंगारिया सहित नगर परिषद् के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रा. उ. प्रा. वि. चित्तोडिया में प्रवेश उत्सव एवं स्टेशनरी कीट वितरण किए



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्तौड़िया में प्रवेश उत्सव एवं स्टेशनरी कीट वितरण कार्यक्रम संपन्न क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही संस्था वासुदेव कनोडिया सेवा संस्थान द्वारा विद्यालय के 120 विद्यार्थियों को रीडिंग राइटिंग फ्लुएंसी कार्यक्रम अंतर्गत कॉपियां,पेंसिल बॉक्स, पेंसिल स्टेशनरी, रबर आदि वितरित किए गए संस्थान के कार्यक्रम निदेशक वीरेंद्र खटाना ने बताया कि यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में और कृषि के क्षेत्र में तथा जल संग्रहण के क्षेत्र में लसाडिया में कार्य कर रही है और समारोह में ग्रामीण जन विद्यालय विकास समिति के सदस्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे संस्था के शिक्षा सलाहकार सुभाष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों में लेखनी सुधार निर्बाध रूप से पढ़ने की आदत एवं प्रश्नोत्तरी का सही लिखने की विधा को समझाया जाएगा एवं हिंदी, गणित,अंग्रेजी इत्यादि विषय के अध्यापन हेतु संस्थान द्वारा एक विशेष पैकेज तैयार किया गया जिससे 27 विद्यालयों में लागू किया जाएगा जिससे उच्च माध्यमिक विद्यालयो में कंप्यूटर शिक्षक एवं विज्ञान,गणित एवं अंग्रेजी विषय के रिक्त पदों पर अध्यापकों की सेवाएं संस्थान द्वारा दी जाएगी। विद्यालय के संस्था प्रधान दयाल चंद्र ने विश्वास दिलाया कि जनजाति क्षेत्र के इन विद्यार्थियों के पास स्टेशनरी का अभाव रहता है जिससे उनकी पढ़ने की गति और गुणवत्ता प्रभावित होती है इसलिए संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी इस दौरान ग्रामीण जन एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझाइस से 46 प्रकरणों का निस्तारण



■ संजीवनी टुडे

भीण्डर। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उदयपुर के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा के निर्देशन में शनिवार को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अध्यक्षता न्यायिक मजिस्ट्रेट भीण्डर मोहितारा सिंह पंवार कि गई, जिसमें बैंच सदस्य के रूप उपखण्ड मजिस्ट्रेट रमेशचन्द्र बहड़िया व पेनल अधिवक्ता विकाश जोशी प्रोसेस सर्वर व अन्य कर्मचारीयों ने पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत का महत्व समझाते हुए आपसी समझाईश से प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट भीण्डर मोहितारा सिंह पंवार, उपखण्ड मजिस्ट्रेट रमेशचन्द्र बहड़िया व पेनल अधिवक्ता विकाश जोशी समस्त कर्मचारीगण च भीण्डर की बार सदस्य मौजुद रहे।

# बजट घोषणाओं को पूरा करने के लिए मिशन मोड में जुटें: जिला प्रभारी सचिव राजेंद्र विजय

■ संजीवनी टुडे



डूंगरपुर। जिला प्रभारी सचिव श्री राजेंद्र विजय ने राज्य के परिवर्तित बजट में जिले के लिए की गई घोषणाओं के संबंध में शनिवार को अधिकारियों की बैठक लेकर घोषणाओं को धरातल पर साकार करने के लिए रोडमैप पूछा। प्रभारी सचिव ने ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में एक-एक कर सभी विभागों से संबंधित घोषणाओं और योजनाओं की जानकारी ली और टाइमलाइन निर्धारित करते हुए जल्द से जल्द बजट घोषणाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग से शुरुआत करते हुए प्रभारी सचिव ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, नगर परिषद डूंगरपुर, चिकित्सा विभाग, पीएचईडी, पुलिस, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, पर्यटन आदि विभागों के अधिकारियों से बजट घोषणाओं के संबंध में जानकारी ली और घोषणाओं के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई और आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रभारी सचिव ने जिले के झौंथरी ब्लॉक में संचालित संपूर्णता अभियान आकांक्षी ब्लॉक की भी समीक्षा की और अभियान में शामिल 6 मुख्य बिंदुओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में कोई ढिलाई नहीं बरती जाए। इसकी नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जाएगी और यदि कोई भी इश्यू हो, तो तुरंत संज्ञान में लाया जाए। जिला कलक्टर ने विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आवश्यक स्थान चिह्नित कर जमीन आवंटन के लिए प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन, अतिरिक्त जिला कलक्टर कुलराज मीणा, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सागवाड़ा में 220 केवी जीएसएस, पादरड़ी बड़ी में 33/11 केवी जीएसएस निर्माण, सरोदा कराडा पाडवा भासौर बनकोड़ा सड़क का चौड़ाईकरण व सुदृढ़ीकरण, जनजातीय नायक डूंगर बरण्डा के स्मारक निर्माण, टीएडी के जर्जर छात्रावासों का पुनर्निमाण, डूंगरपुर में शिल्पग्राम, हर विधानसभा क्षेत्र में 20-20 हैण्डपंप, आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को सप्ताह में तीन दिन दूध वितरण, दुधारू पशुओं के उन्नत नस्ल विकास, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, ऊंटपालकों को दी जाने वाली सहायता राशि, दिव्यांगों के लिए डिस्ट्रिक्ट डिसएबीलिटी रिहेबीलेशन सेंटर आदि बजट घोषणाओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझाइस से 142 प्रकरणों का निस्तारण, न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया

■ संजीवनी टुडे



वल्लभनगर। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उदयपुर के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा के निर्देशन में शनिवार को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति, वल्लभनगर प्रेम गढवाल, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, वल्लभनगर, सदस्य अधिवक्ता मुकेश गोपावत, बार अध्यक्ष रमेश चंद्र सांगावत व नायब तहसीलदार वल्लभनगर चुन्नीलाल शर्मा तथा न्यायालय कर्मचारी हेमेन्द्र मेहरा रीडर, कन्हैयालाल कुम्हार तालुका सचिव देवेन्द्र चौधरी, परसराम डांगी, राजेश सिरोवा लिपिक, कमलेश शौर्य सहायक कर्मचारी, कालूलाल गमेती प्रोसेस सर्वर व अन्य कर्मचारीयों ने पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत का महत्व समझाते हुए आपसी समझाईश से प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में राजीनामे के आधार पर, सिविल किस्म एवं भरण पोषण संबंधित प्रकरण के कुल 14 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिनमे राशि रुपये 9,82.513/- रुपये के अवॉर्ड पारित किए गए। धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरणों में कुल 44 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें कुल 92.05,614/- रुपये के अवार्ड पारित किए गए। फोजदारी के 28 प्रकरणो का निस्तारण किया गया। इस असवर पर प्री लिटीगेशन के 56 प्रकरणों का आपसी समझाईश के माध्यम से निस्तारण किया गया, जिनमें कुल 78,09,511/- रुपये के अवॉर्ड पारित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न स्थानीय बैंकों, बी.एस.एन.एल. व ए.वी.वी.एन.एल. के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक, शाखा वल्लभनगर से नरेन्द्र दवे, नवानिया से लक्ष्मीनारायण उपस्थित रहे। भारतीय स्टेट बैंक शाखा वल्लभनगर, खेरोदा, मेनार व रूण्डेड़ा से क्रमशः राहुल शर्मा, मैनेजर, भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड, जे.टी.ओ.ए.वी. वी.एन.एल. भटेवर से रमेश चौधरी, अधिशाषी अभियंता व चेतन प्रकाश शर्मा, ए.आर.ओ. तथा ए.वी.वी.एन.एल. वल्लभनगर से श्री भास्कर रेगर, अधिशाषी अभियंता व रवि मिश्रा, ए.आर.ओ. उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिवक्तागण बार एसोशिएशन के अध्यक्ष श्री रमेश सांगावत, अधिवक्ता श्रवण पोखरणा, गजेन्द्र ओस्तवाल ने पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत का महत्व समझाते हुए आपसी समझाईश से प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया। शनिवार को न्यायालय परिसर वल्लभनगर में लोक अदालत के आयोजन के दौरान पक्षकारों में राजीनामा होने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज भींडर कैलाश मेनारिया द्वारा एक अनूठी पहल करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दोनो पक्ष को पौधा दिया गया, तथा वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वल्लभनगर प्रेम गढ़वाल एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमेशचंद्र सांगावत, महासचिव बाबुलाल डांगी सहित अन्य अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया और पक्षकारों को पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को बताया तथा अपने घर, कुओं, सार्वजनिक स्थानों सहित अन्य जगहों पर पौधे लगाने का आह्वान किया। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज भींडर कैलाश मेनारिया ने 200 पौधे वितरित किए।

# नगरपालिका निम्बाहेडा के नाम पर फर्जी पट्टे जारी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे



चित्तौड़गढ़। नगरपालिका में भुमि शााखा पर कार्य करने वाले कर्मी से मिलीभगत कर पालिका के पार्षद द्वारा नगरपालिका निम्बाहेडा के नाम पर फर्जी पट्टे जारी कर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने दोंनो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि योगेन्द्रसिह नरूका पुत्र मानसिंह राजपुत आयु 42 वर्ष निवासी मु0 सी. 10 वाटिका इन्फोटेक सिटी ग्राम ठिकरिया थाना बगरू जिला जयपुर द्वारा थाना कोतवाली निम्बाहेडा पर दिनांक 25 जनवरी 2022 को एक धोखाधड़ी का प्रकरण कोतवाली निम्बाहेड़ा थाने पर दर्ज कराया किंतु प्रकरण में आपसी राजीनामा हो जाने से प्रकरण में नतीजा एफआर देकर पत्रावली न्यायालय में पेश कर दी गई। तत्पश्चात प्रकरण में न्यायालय के आदेश पर वृताधिकारी निम्बाहेडा बद्रीलाल राव द्वारा किये जा रहे अनुसंधान में योगेन्द्रसिंह की बहिन दीपनेश कंवर के नाम पर नगरपालिका द्वारा जारी पट्टे की जानकारी प्राप्त करने पर उक्त पट्टा नगरपालिका पार्षद भानुप्रतापसिंह पुत्र दलपत सिंह निवासी इशकाबाद निम्बाहेड़ा द्वारा नगरपालिका में भुमि शााखा पर कार्य करने वाले संविदा कर्मी जावेद खान पुत्र मोहम्मद शफीक खां पठान मुसलमान उम्र 44 साल निवासी सामुदायीक भवन के सामने इशाकाबाद निम्बाहेड़ा द्वारा उक्त पट्टा फर्जी बनाना पाया जाने पर आरोपी जावेद खान व भानुप्रतापसिंह को गिरफतार कर आरोपियों से फर्जी पट्टे बरामद किये गये। प्रकरण में अनुसंधान जारी है। दोनों आरोपियों ने मिलीभगत कर अब तक करीब 8 फर्जी पट्टे जारी करवा दिए थे।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

# चरित्र हनन की राजनीति से कांग्रेस को आखिर मिलता क्या है ?



राज्य बाल संरक्षण आयोग के बाद अब यूपी राज्य महिला आयोग ने भी प्रियंका वाड्रा को नोटिस भेजकर भविष्य में महिलाओं पर ऐसी टिप्पणी न करने की चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया पर उनके द्वारा लिखी गई पोस्ट के खंडन की अपेक्षा जताई है। अगर आप किसी पर एक उंगली उठाते हैं तो आपके ऊपर तीन उंगली स्वतः उठ जाती हैं। बात यही तक सीमित नहीं है, यदि उंगली उठाने वाला साजीशन किसी पर लांछन लगता है तो उसकी जग-हंसाई भी होती है और शर्मिंदगी भी उठानी पड़ती है। किसी पर उंगली उठाते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखा जाता है कि ऐसा करने से किसी की प्रतिष्ठा धूमिल न हो। खासकर आपकी बातों से जब किसी संस्था या व्यक्ति का चरित्र हनन होता है तो आरोप लगाने वाला कानून और समाज दोनों की नजरों में गुनहगार बन जाता है। ऐसे ही कृत्यों के चलते कांग्रेस का गांधी परिवार लगातार अपना मान-सम्मान खोता जा रहा है। राहुल गांधी तो विवादित बयानबाजी करने और फिर माफी मांग लेने में सि्द्धहस्त हैं हीं प्रियंका वाड्रा भी उनसे कम नहीं हैं। हाल ही में विवादित बयान देकर कानपुर के एक बालिका गृह की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के कारण कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका वाड्रा लोगों की नजर में चढ़ गई हैं। उन्हें राज्य बाल संरक्षण आयोग और यूपी राज्य महिला आयोग ने नोटिस भेजकर चेताया है। मामला कानपुर के राजकीय बाल गृह (बालिका) की घटना पर प्रियंका की टिप्पणी से जुड़ा है।

राज्य बाल संरक्षण आयोग के बाद अब यूपी राज्य महिला आयोग ने भी प्रियंका वाड्रा को नोटिस भेजकर भविष्य में महिलाओं पर ऐसी टिप्पणी न करने की चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया पर उनके द्वारा लिखी गई पोस्ट के खंडन की अपेक्षा जताई है। आयोग का कहना है कि कांग्रेस महासचिव ने बालिकाओं के आत्मसम्मान और भावनाओं को ठेस पहुंचाने का शर्मनाक प्रयास किया है। यह दुख की बात है कि एक महिला होते हुए उन्होंने ऐसा किया। महिला आयोग अध्यक्ष विमला बाथम ने कांग्रेस महासचिव को जारी नोटिस में कहा है कि कानपुर स्थित राजकीय बाल गृह (बालिका) में बच्चियों के गर्भवती और एक के एचआइवी पॉजिटिव होने संबंधी पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी। इस घटना को देवरिया और बिहार के मुजफ्फरपुर की घटना से जोड़ा गया। टिप्पणी करने से पहले तथ्यों की जानकारी भी नहीं ली। महिला आयोग ने घटना का स्वतः संज्ञान लेकर जिला प्रोबेशन अधिकारी कानपुर से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में स्पष्ट बताया गया कि सात बालिकाएं गर्भवती अवस्था में ही बालगृह में संवासित कराई गई थीं। रिपोर्ट में सारे रिकॉर्ड संलग्न किए गए हैं। आयोग अध्यक्ष ने कहा है कि वास्तव में यह अत्यंत दुख का विषय है कि एक महिला होते हुए भी आपने (प्रियंका) बालिका गृह में अमानवीय घटना घटित होने और एक को एड्स पॉजिटिव होने का वक्तव्य जारी किया। अभी तक इन बालिकाओं में से कोई एड्स पॉजिटिव नहीं पाई गई है। देवरिया और मुजफ्फरपुर की घटना से भी इस मामले को जोड़ा जाना उचित नहीं है।

यूपी राज्य महिला आयोग ने कहा है कि भ्रामक टिप्पणी से समाज में गलत संदेश पहुंचा है। आयोग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में तथ्यों की जानकारी किए बिना, खास तौर पर महिलाओं के संबंध में ऐसी टिप्पणी न करें। साथ ही 21 जून को की गई पोस्ट का खंडन भी करने को कहा है, लेकिन लगता नहीं है कि प्रियंका वाड्रा तब तक माफी मांगेंगी जब तक कि उनके ऊपर कानून का शिकंजा नहीं कसेगा। कई मौकों पर देखा गया है कि गांधी परिवार जब 'पानी सिर के ऊपर चला जाता है, तभी माफी मांगता है। उधर, इन सब बातों से बेफिक्र कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा ने अब अलीगढ़ पोस्टमार्टम हाउस की दुर्दशा को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला है। प्रियंका ने 28 जून 2020 को ट्वीट किया और मीडिया रिपोर्ट के आधार पर योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि अलीगढ़ पोस्टमार्टम गृह में भारी अव्यवस्था है, शव बाहर रखे हैं। मृतकों के स्वजनों से बर्फ की सिल्ली के लिए पैसे की उगाही हो रही है। कोरोना काल में सरकार के दावों के बावजूद भारी दुर्दशा की खबरें आ रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मामले की जांच को री-ट्वीट किया कि सभी कार्य संतोषजनक हैं। इस बीच कांग्रेसियों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर प्रदर्शन किया। बात पूरे घटनाक्रम की कि जाए तो करीब पांच दिन पहले पोस्टमार्टम हाउस में डीप फ्रीजर खराब हो गया था।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो)** : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह)** : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)** : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)** : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# रूस और ऑस्ट्रिया की यात्राओं से भारत की नई उड़ान



भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमेरिका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मानभावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है।

निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे। भारत-रूस की दोस्ती की गर्माहट से चीन एवं पाकिस्तान की बौखलाहट भी देखने को मिली है। यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि के बीच प्रधानमंत्री मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर दुनिया की नजरे लगी रही। एक ध्रुवरीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवरीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की स्थिति एवं उसकी बढ़ती ताकत का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया सामने आयी कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा। निश्चित ही इससे यह साफ हो जाता है कि दुनिया अब एक या दो ध्रुवरीय नहीं रही। अमेरीका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरीका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। वास्तव में आज अमेरीका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है। एक नई ताकत एवं सशक्त अर्थ-व्यवस्था के साथ एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत समूची दुनिया की नजरों का ताज बना हुआ है। भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवरीय विश्व व्यवस्था के बाद एक धुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवरीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा। अनेक संकटों से घिरा होकर भी भारत अपनी बात बुलन्दी के साथ दुनिया के सामने रखता रहा है, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के तीनों कार्यकाल में भारत ने अपने शक्तिशाली होने का भान कराया है। भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमेरिका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। इजरायल से नई दोस्ती के बावजूद फिलिस्तीन पर हमारी रणनीति नहीं बदली है। उसी तरह रूस से अच्छे संबंध का यह मतलब नहीं कि यूक्रेन के मामले में उसे क्लीन चिट दे दें। यही वजह है कि राष्ट्रपति पुतिन को मोदी ने शांति का पाठ पढ़ाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। भारत की इस भूमिका के बीच अब अमरीका भी यह कहने में संकोच नहीं कर रहा है कि भारत को यूक्रेन युद्ध रोकने की पहल करनी चाहिए। फिलहाल शांति के पक्षधर अन्य देश भारत के साथ मिलकर रास्ता खोजने की पहल कर रहे हैं। ऑस्ट्रिया का रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौता वार्ता का मंच बनने की इच्छा जाहिर करना यही बताता है।

भारत अहिंसा एवं शांति का हिमायती का देश है और मानता है कि युद्ध से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। युद्ध केवल बर्बादी और तबाही लेकर ही आता है। रूस व यूक्रेन के बीच जो सीमा विवाद है वह इन देशों के बीच का मामला है और भारत शुरू से ही कहता रहा है कि इस समस्या का हल केवल बातचीत से ही होना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने रूस की यात्रा के दौरान भी भारत का यही रुख सामने रखा और स्पष्ट किया कि किसी भी झगड़े को निपटाने का रास्ता केवल वार्तालाप ही हो सकता है। नरेंद्र मोदी ने रूस से आस्ट्रिया पहुंच कर भी इस रुख को और खोला और कहा कि भोले-भाले लोगों की हत्या कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकती। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के सन्दर्भ में इस तथ्य को अमेरिका को ही सबसे पहले समझना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा से क्या चीन की बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं पर असर पड़ेगा? क्योंकि रूस एवं चीन के बीच बढ़ती मित्रता एवं प्रगाढ़ता समूची दुनिया के लिये एक चिन्ता का सबब है। भले ही अमरीका की ताकत को देखते हुए रूस ने चीन से निकटता बनाई हो, लेकिन भारत से उसकी दोस्ती इन सबसे ऊपर है। फिर भी चीन एवं पाकिस्तान भारत के दुश्मन ही रहे हैं। इन हालातों के बीच मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा भारत के भाग्य के लिए नये सूर्य का उदय कही जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की जितनी महत्वपूर्ण यात्रा रूस की रही, उतनी ही महत्वपूर्ण ऑस्ट्रिया की यात्रा भी रही। मोदी ने पाकिस्तान के साथ चीन को भी निशाने पर लेते हुए पुतिन से कहा कि चीन जहां पाकिस्तान के आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। अब मोदी की इन बातों का पुतिन पर क्या असर होगा, यह भविष्य के गर्भ में है। जहां तक रूस से मित्रता का सवाल है तो यह भारत का परखा हुआ सच्चा मित्र है और भारत यह दोस्ती कभी नहीं छोड़ सकता। पिछले दो दशकों में हमारे सम्बन्ध अमेरिका से भी मधुर हुए हैं परन्तु हमारी विदेश नीति पूरी तरह स्वतन्त्र है और दुनिया का कोई भी देश इसे प्रभावित नहीं कर सकता। भारत के द्विपक्षीय सम्बन्ध किस देश के साथ कैसे हैं यह केवल भारत ही तय करेगा।

## विचार बिन्दु



ललित गर्ग

**अमेरिका हमें रूस–यूक्रेन के बारे में क्या समझायेगा? भारत पर दुनिया का बढ़ता भरोसा इस बात का परिचायक है कि भारत विश्व की एक महाबड़ी शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और भारत शांति एवं अयुद्ध का हिमायती है। हम तो पहले ही यह कह चुके हैं कि भारत बुद्ध–महावीर–गांधी का देश है और इसकी विदेश नीति भी इनसे प्रेरणा लेकर ही तय होती रही है। बदलते वैश्विक सन्दर्भों के बावजूद भारत आपसी शान्ति, अहिंसा, युद्धमुक्त विश्व–संरचना व सह अस्तित्व पर ही विश्वास रखता है। दुनिया की महाशक्तियों द्वारा भारत को तवज्जो देने के पीछे जिन वजहों को देखा जा रहा है।**

# कौन हैं सबरीमाला मंदिर स्थित भगवान 'अय्यप्पा' ? जानें इसकी महिमा के बारे में



सबरीमाला मंदिर बेहद खूबसूरत है। कहा जाता है कि यह मंदिर 18 पहाड़ियों के बीच स्थित है और मंदिर के प्रांगण में पहुंचने के लिए भी 18 सीढ़ियां पार करनी पड़ती हैं। सबरीमाला मंदिर में अयप्पा के अलावा मालिकापुरत्त अम्मा, गणेश और नागराजा जैसे देवताओं की भी मूर्तियां बनी हुई हैं। सबरीमाला मंदिर के बारे में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा जिसने श्रद्धा बस या फिर खबरों के माध्यम से ना जानता हो। दक्षिण भारत के केरल में स्थित भगवान अय्यप्पा के इस मंदिर की महिमा अनंत मानी जाती है। कहा तो यहां तक जाता है कि जिस प्रकार से ईसाईयों का सबसे पवित्र स्थान वेटिकन सिटी है या फिर मुसलमानों का मक्का मदीना है उतना ही महत्व सबरीमाला मंदिर का भी है। बहरहाल बताते चलें कि सबरीमाला मंदिर का नाम उसी रामायण के शबरी के ऊपर रखा गया है, जिसने भगवान को जूठे फल खिलाए थे। इस उम्मीद में कि कहीं कोई फल खट्टा ना हो, कड़वा ना हो। हर एक फल चख कर शबरी ने भगवान राम को खिलाए और भगवान राम ने उतने ही प्रेम से वह हल ग्रहण किए। हम सभी जानते हैं कि रामायण में बेहद छोटी भूमिका होने के पश्चात भी शबरी का नाम हमेशा से ही आदर और श्रद्धा से लिया जाता है।

आपको रोचक जानकारी यह भी दे दें कि भगवान अयप्पा को हरिहरपुत्र की संज्ञा दी गई है। संभवतः वह अकेले ऐसे भगवान हैं जो 'हरि' यानी विष्णु और 'हर' यानी शंकर के भी पुत्र माने जाते हैं। पिछले दिनों यह मंदिर इसलिए चर्चा में रहा था क्योंकि इसके नियमों के खिलाफ कुछ संगठनों और महिलाओं ने आंदोलन छेड़ दिया। गौरतलब है कि इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि यहां जिस भगवान अयप्पा की पूजा यहां की जाती है वह ब्रह्मचारी थे। इसलिए इस मंदिर के बारे में नियम बनाया गया है कि वही लड़की इस में प्रवेश कर सकती है जिसे मासिक धर्म ना हुआ हो। दूसरे सभी वर्जित हैं। इस मंदिर के नियमों की कठिनाई शब्दों में आप इसी से समझ सकते हैं कि अगर कोई यहां दर्शन करना चाहता है तो उसे दर्शन करने से पूर्व तकरीबन 2 महीने पहले से मांस-मदिरा-मछली इत्यादि का त्याग करना होता है। जाहिर तौर पर इस मंदिर की लोकप्रियता जितनी है उतनी ही कठोर नियमों की चर्चा भी होती है।




## 14 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1996 सं.रा. अमेरिका ने पाकिस्तान को ब्राउन संशोधन के अंतर्गत हथियार भेजने प्रारम्भ किये।
1999 मेकरी मोरीटा पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री नियुक्त।
2003 रूस की येलेना इसिनबायेवा ने महिला पोल वाल्ट में नया विश्व रिकार्ड बनाया।
2007 फ़िलिस्तीन के प्रधानमंत्री सलम फ़याद ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
2008 नेपाल की कार्यकारी संसद ने प्रधानमंत्री के निर्वाचन वाले संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दी। वेनेजुएला की डायना मेंडोजा ने मिस यूनिवर्स का ख़िताब जीता। विश्व की सबसे बुजुर्ग इंटरनेट ब्लॉगर के रूप में चर्चित आस्ट्रेलियाई महिला का निधन।

जन्मे व्यक्ति

1902 चन्द्रभानु गुप्त - प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री।
1909 ई. एम. एस. नमबूद्रिपद - प्रसिद्ध कम्युनिस्ट नेताओं में से एक और केरल के प्रथम मुख्यमंत्री।
1900 देशबंधु गुप्त - प्रसिद्ध राष्ट्र भक्त, स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकार।
1856 गोपाल गणेश आगरकर - प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता।
1942 के. कालीमुत्तु - नौवीं लोकसभा के सदस्य।

निधन

1975 मदन मोहन - हिन्दी फ़िल्मों के एक प्रसिद्ध 1950, 1960, और 1970 के दशक के बॉलीवुड फ़िल्म संगीत निर्देशक।

# वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन के अनुसार भारत की वित्तीय प्रणाली बहुत मजबूत है

## विचार बिन्दु



प्रहलाद सबनानी

**साथ ही, भूमि का टुकड़ा खरीदकर उस पर भवन का निर्माण कर तुलनात्मक रूप से अधिक आय का अर्जन किया जा सकता है। अतः बैकों एवं पोस्ट ऑफ़िस के स्थान पर अब देश के नागरिक देश के पूंजी बाजार में अपनी बचत का निवेश करने लगे हैं।**

जून 2024 के अंतिम सप्ताह में, 27 जून 2024 को, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन जारी किया है। यह प्रतिवेदन वर्ष में दो बार, 6 माह के अंतराल पर, जारी किया जाता है। इस प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की वित्तीय प्रणाली लगातार मजबूत बनी हुई है और बेहतर तुलन पत्र के आधार पर, भारत के बैंक एवं वित्तीय संस्थान लगातार ऋण विस्तार के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने में अपनी प्रभावी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.8 प्रतिशत का रहा है तथा सकल अनर्जक आस्ति अनुपात पिछले कई वर्षों के सबसे निचले स्तर अर्थात 2.8 प्रतिशत पर एवं निवल अनर्जक आस्ति अनुपात केवल 0.6 प्रतिशत पर आ गया है जो अपने आप में एक रिकार्ड है। न केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मजबूत बने हुए हैं अपितु गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी स्वस्थ बनी हुई हैं, जिनका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 26.6 प्रतिशत, सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 4.0 प्रतिशत और आस्तियों पर प्रतिलाभ 3.3 प्रतिशत रहा है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात का मजबूत स्थिति में रहने का आश्य यह है कि इन बैंकों के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी उपलब्ध है और इन बैंकों में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आने पर यह बैंक सफलतापूर्वक उस आर्थिक परेशानी का सामना कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर, अनर्जक आस्ति अनुपात का सबसे कम स्तर पर आने का आश्य यह है कि बैकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की अदायगी समय पर हो रही है एवं इन ऋणों पर पर कोई दबाव दिखाई नहीं दे रहा है। उक्त प्रतिवेदन में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था में पनप रहे कुछ जोखिमों की ओर भी इशारा किया है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कई विकसित देशों द्वारा अभी भी सख्त मौद्रिक नीति का अनुपालन किया जा रहा है एवं इन देशों द्वारा ब्याज दरों को अभी भी उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है क्योंकि मुद्रा स्फीति की दर इन देशों में स्वीकार्य स्तर तक नीचे नहीं आ पाई है। भारत के लिए जरूर इस प्रकार के जोखिम कमजोर पड़े हैं क्योंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नीचे लाने में सफलता मिली है। परंतु, भारत में एक तो विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से नागरिकों पर ऋण का अतिरिक्त बोझ बड़ा है और दूसरे भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत की दर में कमी आई है। उक्त प्रतिवेदन में विशेष रूप से इन दो जोखिमों की ओर ध्यान दिलाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में नागरिकों की बचत दर घटकर सकल घेरलू उत्पाद के 18.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है जो वर्ष 2013 से 2022 के बीच में औसतन 20 प्रतिशत की रही है। इसी प्रकार, एक अन्य मानक के अनुसार, वर्ष 2013 से 2022 के बीच भारतीय नागरिक अपनी कमाई का औसतन 39.8 प्रतिशत भाग बचत करते थे परंतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह भाग घटकर 28.5 प्रतिशत तक नीचे आ गया है। बचत, दरअसल, दो प्रकार की होती है, एक वित्तीय बचत और दूसरे, सम्पत्ति निर्मित करने हेतु बचत। जैसे, मकान बनाने हेतु एवं कार खरीदने हेतु की गई बचत को सम्पत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत की श्रेणी में रखा जाता है। भारत में हाल ही के वर्षों में सम्पत्ति निर्मित करने हेतु बचत का रुझान बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। आवास एवं कार आदि जैसी सम्पत्तियां खरीदने हेतु भारत में मध्यवर्गीय परिवार अपनी बचत के साथ ही बैकों से ऋण लेकर भी इन सम्पत्तियों का निर्माण कर रहे हैं। इससे अर्थव्यवस्था के चक्र में भी तेजी दिखाई देने लगी है क्योंकि मकान बनाने के लिए स्टील, सिमेंट, आदि पदार्थों की खपत भी बढ़ रही है एवं इन उत्पादों का उत्पादन भी विनिर्माण इकाईयों द्वारा अधिक मात्रा में किया जा रहा है, इससे देश में रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। कुल मिलाकर, इससे देश के अर्थ चक्र में तेजी दिखाई देने लगी है। साथ ही, वित्तीय बचत कम इसलिए भी हो रही है क्योंकि अब देश का पढ़ा लिखा नागरिक वित्तीय रूप से अधिक साक्षर हो गया है एवं अब यह स्थिति समझने लगा है कि बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस में बचत करने पर मिल रहे ब्याज की तुलना में शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने तथा सोने एवं चांदी जैसे पदार्थों में निवेश करने से अधिक आय का अर्जन सम्भव होता दिखाई दे रहा है।

# वायरल फीवर से राहत पाने के घरेलू उपचार




**मौसम के बदलने के समय वायरल फीवर होता है। जब भी मौसम बदलता है तब तापमान के उतार-चढ़ाव के कारण शरीर का इम्यून सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। इस फीवर से बचने और निजात पाने के लिए दवाईयों के अलावा कई घरेलू उपाय हैं, जिससे जल्द राहत मिल जाती है।**

## सूखे अदरक का मिश्रण

अदरक के अनगिनत स्वास्थ्य संबंधी गुण होते हैं। इसका एन्टी- इन्फ्लैमटोरी और एन्टी-ऑक्सिडेंट गुण बुखार के लक्षणों से राहत दिलाने में सहायता करते हैं। सूखा अदरक, एक छोटा चम्मच हल्दी और एक छोटा चम्मच काली मिर्च का पावडर और थोड़ा-सा चीनी एक कप पानी में डालकर तब तक उबालें जब तक कि सुखकर आधा न हो जाये। दिन में चार बार इस काढ़े को पीने से बुखार से राहत मिलता है।

**तुलसी-** तुलसी का एन्टी बायोटीक और एन्टी बैक्टिरीअल गुण वायरल फीवर के लक्षणों से राहत दिलाने में बहुत मदद करते हैं। बीस ताजा तुलसी के पत्तों को एक लीटर पानी में



एक चम्मच लौंग पावडर डालकर तब तक उबालें जब तक कि वह सुख कर आधा न हो जाये। उसके बाद उसको छानकर हल्का ठंडा करके दो घंटा के अंतराल में पीयें।

**मेथी का जल-** मेथी में बहुत सारे औषधिय गुण होते हैं जो वायरल फीवर के कष्टों से राहत दिलाने में सहायता करते हैं। एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच मेथी के दाने रात भर भिगोकर रखें। अगले दिन सुबह इसको छानकर निश्चित अंतराल में इसका सेवन करें। सुबह मेथी के दाने, नींबू का रस और शहद के मिश्रण का सेवन करने से भी कुछ हद तक बुखार से राहत मिलता है।

**धनिया चाय-** धनिया में फाइटोनूट्रीअन्ट और विटामिन होता है जो प्रतिरक्षी तंत्र को उन्नत करने में बहुत सहायता करता है। धनिया प्राकृतिक तरीके से वायरल फीवर से लड़ने में मदद करता है। एक गिलास पानी में एक बड़ा चम्मच धनिया के दाने डालें और उसको थोड़ा उबाल लें। उसके बाद कप में छानकर स्वाद के अनुसार थोड़ा-सा दूध और चीनी डालकर पीने से बुखार से राहत मिलता है।



**सोआ का काढ़ा-** यह शरीर के प्रतिरक्षी तंत्र को तो उन्नत करता ही है साथ ही बुखार को कम करने में भी सहायता करता है। फल्वेनॉयड और मोनोटर्पीन के गुण होने के कारण यह फीवर से राहत दिलाने में मदद कर पाता है। एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच सोआ के दाने, एक छोटा चम्मच काली मिर्च और एक छोटा चम्मच कलौंजी डालकर दस मिनट तक उबालें। उबालने के बाद एक कप में छान लें और उसमें एक चुटकी दालचीनी का पावडर डालकर अच्छी तरह से मिला लें। काढ़ा को पीने से बुखार से राहत मिलेगी।

**राइस स्टार्च-** उपचार का यह तरीका बहुत पुराना है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थ को निकालने में बहुत मदद करता है। जिससे प्रतिरक्षी तंत्र को वायरस से लड़ने में शक्ति मिलती है। राइस स्टार्च पौष्टिकता से भरपूर होता है इसलिए इसके सेवन से रोगी को शक्ति मिलती है।

# फिटनेस या वेट लॉस



सेहत और लुक्स दोनों को लेकर दुनिया में जागरूकता दिन ब दिन बढ़ रही है। ऐसे में वजन बढ़ने की समस्या को लेकर चिंतित होना लाजिमी है। वजन के चलते आप एक दिन भी अपनी मॉर्निंग वॉक या जिम क्लास को मिस नहीं करना चाहते। लेकिन क्या सिर्फ वजन घटाना काफी है? बढ़ते हुए वजन को कम करने में जुटा हर इंसान रोज एक बात जरूर सोचता है कि कैसे एक्सट्रा वजन कम किया जाए। हो सकता है आपने वजन कम कर लिया हो और स्लिम बॉडी भी हासिल कर ली हो, लेकिन क्या आप चुस्त-तंदुरुस्त भी हैं? वजन घटाने के साथ-साथ फिटनेस होना भी बेहद जरूरी है। सिर्फ स्लिम होने का मतलब फिट होना नहीं होता। फिटनेस का मतलब है पूरी तरह से अच्छी सेहत और ये सिर्फ अच्छे खानपान और वर्जिश से ही हासिल की जा सकती है। ये जानना बेहद जरूरी है कि फिटनेस का मतलब वजन घटाना होता है, लेकिन सिर्फ वजन घटाने का मतलब फिट होना नहीं होता। अब अस्वस्थ तरीके से भी वजन घटा सकते हैं। फिटनेस के लिये अच्छा खाना, अच्छा आराम, अच्छी एक्सरसाइज सबकुछ बेहद जरूरी है। वजन घटाने के चक्कर में अक्सर आपका पाचन तंत्र बिगड़ जाता है। डाइट में हुए परिवर्तन से बिगड़े पाचन तंत्र को एक्सरसाइज के जरिये ठीक किया जा सकता है। इसके लिये ठीक से सांस लेना, चलना और दूसरी शारीरिक गतिविधियों की मदद भी ली जा सकती है। फिटनेस आपकी स्किन को भी हेल्दी बनाती है। जबकि सिर्फ वजन घटाने से आपका श्वसन तंत्र प्रभावित हो सकता है। फिट रहने से आपका हृदय में स्मूद ब्लड और ऑक्सीजन सर्कुलेशन, स्वस्थ फेफड़े, कॉर्डियोवेस्कुलर सिस्टम भी सुधरता है। शारीरिक फिटनेस का मतलब सिर्फ शरीर की मजबूती नहीं बल्कि मानसिक मजबूती से भी है। सभी शारीरिक गतिविधियां आपको मानसिक तौर पर भी मजबूत बनाती है। वजन घटाने की जल्दी आपको मानसिक दबाव का शिकार बना सकती है। एक्सरसाइज करने से आपके मसल्स में सुधार होगा और आपकी पूरी पर्सनैलिटी निखरेगी।

तो खुश रहने के लिये अब सिर्फ वजन मत घटाइये बल्कि फिटनेस पर ध्यान दीजिये।

# बच्चों के खाने को इंट्रेस्टिंग बनाना है जरूरी

**हेल्दी फूड का नाम सुनकर बच्चे अकसर मुंह बनाकर पीछे हट जाते हैं। उन्हें खाना खिलाना मां के लिए एक बड़ी चुनौती की तरह होता है। हेल्दी खाना वह खाते नहीं और जंक फूड उनकी सेहत के लिए ठीक नहीं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए खाने को एक इंट्रेस्टिंग स्टाइल में बच्चों के सामने पेश करें। कुछ खास बातों को जान लें और बच्चों को खिलाएं उनके हेल्थ के लिए जरूरी खाना।**



### कार्टून कैरेक्टर्स का उदाहरण दें

अगर बच्चे कार्टून पसंद करते हैं तो उनके फेवरेट कैरेक्टर के बारे में खाते वक्त जान के बताएं कि वह कार्टून कैरेक्टर भी यही खाना खाता है। बच्चे अगर खाने से दूर भागते हैं तो वक्त-वक्त पर उन्हें खाने और कार्टून कैरेक्टर के जुड़ाव के बारेमें बताते रहें।







संजीवनी टुडे

## रंगों का रखें ख्याल

बच्चों को रंग बहुत पसंद होते हैं, खासतौर से ब्राइट शेड्स। इसलिए कोशिश करें कि उन्हें रंगों सेभरा खाना दें। यानी खानेमें वह फल-सब्जी दें जिनका रंग ब्राइट हो। जैसे ऑरेंज, टमाटर, कैपसिकम, गाजर आदि। इस तरह के रंगों की सब्जी और फल उनकी प्लेट पर सजाएं। अगर खाने की प्लेट रंगीन दिखेगी, वह जरूर चखेंगे। ऐसे ही टिफिन भी हमेशा अलग-अलग रंगों की सब्जी से सजा होना जरूरी है।

**Other tricks:** डिफरेंट शेप में परोसें, नाम बदल दें, फूड सिलेक्शन में रखें साथ, कार्टून कैरेक्टर्स का उदाहरण दें।

## डिफरेंट शेप में परोसें

बच्चों के खाने को हमेशा डिफरेंट शेप में परोसना चाहिए। क्योंकि वे शक्ल देखकर खाना खाते हैं। इसलिए अपने पास वेजिटबल और फरूट कटर जरूर रखें। इस कटर से आप खाने को डिफरेंट शेप आसानी से दे सकती हैं। जैसे रोटी को त्रिकोण बना दिया और ब्रेड स्लाइस को स्टार। ऐसे ही ग्रेवी वाली सब्जियों को प्लेट में डालते वक्त उनसे कोई शेप बना लें, जैसे सूर्य, चांद आदि। इस तरह की प्रेजेंटेशन देकखर बच्चे आसानी से खाना खा सकते हैं।

## नाम बदल दें

बच्चों के सामने सब्जियों के नाम अलग लें। जैसेमटर को ग्रीन मार्बल्स कहें, ब्रॉकली को बेबी ट्री। ऐसा करने से बच्चों के दिमाग में उन सब्जियों की अच्छी छवि बनेगी। जिससे उन सब्जियों को खिलाना आसान हो जाएगा। उनसे बात करते वक्त आप खुद से कुछ अलग नाम फल-सब्जी को दे सकती हैं।

## फूड सिलेक्शन में रखें साथ

कभी खाना पकाते वक्त तो कभी फल-सब्जी खरीदते वक्त उन्हें साथ रखें। बच्चों को इन सभी चीजों में बड़ी दिलचस्पी होती है, तो उनकी इस दिलचस्पी को आप इस्तेमाल करें। बच्चे अपने सामने कुछ होते देखते हैं तो उसका हिस्सा जरूर बनना चाहते हैं।

# सूर्यास्त के आसपास भोजन करने के हैं फायदे

**सेहत के दृष्टिकोण से रात का भोजन जल्दी कर लेने के कई फायदे हैं। हालांकि, आजकल की व्यस्त जिंदगी में लोग रात का भोजन देर से करते हैं, जिसका सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ता है। आहार विशेषज्ञों के अनुसार, रात का खाना जल्दी खाना चाहिए या सोने के दो घंटे पूर्व खाएं। हमेशा हल्का व सात्विक भोजन लेना चाहिए। कोशिश यह करनी चाहिए कि सूर्यास्त के आसपास हमें रात का भोजन ग्रहण कर लेना चाहिए। बताया जाता है कि सूर्यास्त के साथ शरीर की फैट जलाने की शक्ति गायब हो जाती है। इसलिए अक्सर बड़े बुजुर्ग भी कहते हैं कि सुबह का नाश्ता जमकर, दोपहर का भोजन उससे कम व रात का भोजन बिलकुल कम लें। आयुर्वेद के अनुसार, प्रकृति और सूर्य की रोशनी से हमारे भोजन चक्र का गहरा संबंध है। यदि रात का भोजन जल्दी ग्रहण कर लिया जाए तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है।**



## मोटापे से बचाव

डिनर (रात का भोजन) अक्सर दिनभर का अंतिम भोजन होता है। दिन ढलते ही शरीर की प्रक्रिया और मेटाबोलिज्म धीमा हो जाता है। यदि आप देर से खाते हैं, तो वह भोजन ऊर्जा में पूरी तरह तब्दील नहीं होता है। देर से किया भोजन फैट को बढ़ाता है, जिससे वजन बढ़ने लगता है।

## गैस्ट्रोइन्टेस्टाइनल समस्या में कमी

जो व्यक्ति देर से भोजन करते हैं, उनमें पाचनतंत्र की समस्या जैसे एसिडिटी, छाती में जलन आदि उत्पन्न होते हैं। जब आप देर से सोने जाते हैं तो पेट का अम्ल बढ़ता है और यह समस्या को बढ़ाता है। जल्दी भोजन कर लेने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

## बेहतर नींद

देर से भोजन के चलते खराब पाचन की क्रिया होती है, जिसका सीधा असर नींद पर पड़ता है।

## शरीर के तंत्र में नवऊर्जा

रात का भोजन समय पर कर लेने से ब्रेन और दूसरे अंगों को फिर से स्फूर्तिदायक होने में मदद मिलती है। शरीर का सूर्योदय और सूर्यास्त से सीधा संबंध होता है।

# नसों की कमजोरी से दिल के रोगों का खतरा



नसों की कमजोरी (इरेक्टाइल डिस्फंक्शन) दुनिया के 10 करोड़ से ज्यादा पुरुषों में पाई जाती है। इनमें से 50 प्रतिशत की उम्र 40 से 70 साल के बीच है। इस रोग से सबसे ज्यादा पीड़ित विकासशील देशों में से होने का अनुमान है। इस रोग के कारण हैं- बढ़ता तनाव, अस्वस्थ जीवनशैली और दिल के रोग। यहां के एडवांस फर्टीलिटी एंड गायनिकोलॉजिकल सेंटर की डायरेक्टर व आईवीएफ एंड इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. काबेरी बनर्जी ने बताया कि इरेक्टाइल डिस्फंक्शन और दिल के रोगों में अंतर-संबंध पाया गया है। दोनों एक साथ हो सकते हैं और दोनों के ही अपने-अपने खतरे हैं। दोनों के ही पैथोलॉजिकल आधार एक जैसे हैं, क्योंकि दोनों मामलों में तंतुओं की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह जानना बेहद अहम है कि जब नसों की कमजोरी 60 साल से कम उम्र के पुरुषों में होती है तो यह भविष्य में होने वाले दिल के रोगों के बढ़े हुए खतरे का संकेत भी होती है, जबकि इससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए यह समस्या किसी बड़े खतरे के संकेत वाली नहीं होती। डॉ. काबेरी का कहना है कि दिल के रोग जैसे कि रक्त धमनियों का सख्त होना, हाइपरटेंशन और हाई कॉलेस्टरॉल जैसे 70 प्रतिशत शारीरिक कारण नसों की कमजोरी की वजह हो सकते हैं। इन समस्याओं की वजह से दिल, दिमाग और लिंग की ओर रक्त के बहाव में बाधा पैदा हो जाती है। 60 साल की उम्र से ज्यादा के पुरुषों में नसों की कमजोरी की 50 से 60 प्रतिशत वजह केवल रक्त धमनियों का सख्त होना होता है। उन्होंने कहा कि कई शोधों में यह बात सामने आई है कि नसों की कमजोरी रक्त धमनियों की बीमारी का संकेत होती है, जिससे दिल के प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के मामले और मृत्यु होने की संभावना बढ़ जाती है। हम नसों की कमजोरी वाले मरीज की कलर डोपलर अल्ट्रासाउंड के साथ लिंग की ओर रक्त बहाव की जांच करते हैं, जिन्हें दिल के रोगों का खतरा होता है। डॉ. काबेरी ने कहा कि इस बारे में भी जानकारी होनी चाहिए कि ऐसी हालत में यौन संबंध बनाने के दौरान या तुरंत बाद दिल का दौरा पड़ने की हल्की सी आशंका हो सकती है। दिल के रोग से पीड़ित मरीज के यौन संबंध बनाने के दौरान मायोकार्डियल एस्केमिया के खतरे की जांच के लिए एक्सरसाइज टेस्ट की सलाह दी जाती है। लोगों को नसों की कमजोरी और उससे होने वाले दिल के रोग से बचने के लिए जीवनशैली में आवश्यक बदलाव करने की भी सलाह दी जाती है। मैसाचुसेट्स मेल एजिंग स्टडी के अनुसार, दिल के रोग से पीड़ितों में नसों की कमजोरी की आशंका 39 प्रतिशत तक होती और तंबाकू का सेवन करने वालों में इसकी आशंका डेढ़ से दोगुना तक हो जाती है। इसलिए बांझपन के विशेषज्ञों के लिए यह बात जाननी अहम है कि दिल के रोग और पुरुषों में नसों की कमजोरी ऐसी आम बीमारी है जो एक साथ होती है और नसों की कमजोरी पुरुषों में दिल के रोगों का संकेत हो सकती है। बकौल डॉ. काबेरी, अन्य बीमारियां जिनका संबंध नसों की कमजोरी से होता है, उनमें डॉयबिटीज, किडनी की बीमारी, न्यूरोलॉजिकल बीमारी और प्रोस्टेट कैंसर शामिल हैं। डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी ऐसी बीमारी है, जिससे नसें और रक्त धमनियां क्षतिग्रस्त हो सकती है×



# नए पोस्टर में कर्ण के रूप में नजर आए प्रभास...

**मुंबई।** इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद, निर्माताओं ने सभी फैंस और सिनेप्रेमियों को धन्यवाद देते हुए एक खास पोस्ट साझा किया है। टीम की तरफ से प्रभास का कर्ण के रूप में एक विशेष पोस्टर साझा किया है। 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली यह सातवीं भारतीय फिल्म है। इस शानदार सफलता के बाद पोस्टर साझा करते हुए टीम ने लिखा, '1000 करोड़ पूरे और गिनती जारी है। यह मील का पत्थर आपके प्यार का जश्न है। हमने दिल लगा के फिल्म को बनाया।



लाइफ Style

# कैटरीना ने बनाया बेहतर इंसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विकी कौशल का मानना है कि कैटरीना जैसी बीवी पाकर उनकी किस्मत खुल गई। उन्होंने मजाक में बताया कि उनकी वाइफ कपड़े रखने के लिए काफी स्पेस लेती हैं और उन्हें कम जगह मिलती है। विकी कौशल अपनी वाइफ कटरीना कैफ के फैन हैं।


यह बात उनके कई इंटरव्यूज से जाहिर हो चुकी है। कैटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं। मुझे लगता है कि मैं उनकी वजह से बेहतर इंसान बन गया। बातचीत में विकी ने बताया, मेरे घर में हर कोई एक-एक करके अपने कलेशी मोमेंट का इंतजार करता है। ये जिम्मा किसी एक का नहीं है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ सनी या कटरीना या मॉम या डैड या मैं। कोई परमानेंट कलेशी नहीं है। हर किसी का दिन आता है और उस दिन बाकी उसी मोड में आ जाते हैं। विकी ने बताया कि जब वह भूखे हों या सोए ना हों तब ही कलेश करते हैं। जब मुझे वॉरड्रोब मिलेगा तब तो कलेश होगा। विकी ने बताया कि कटरीना के पास पूरा वॉरड्रोब है और उनके पास कपड़े रखने के लिए सिर्फ ड्रॉर। ऐसे में वॉरड्रोब पर लड़ने का सवाल ही नहीं है। विकी से पूछा गया कि बुरे वक्त में दोनों कैसे एक-दूसरे का साथ देते हैं। इस पर विकी बोले, हम एक-दूसरे का हाथ पकड़कर जो कहना है कहते रहते हैं। जो भी हो हम साथ हैं। इस उतार-चढ़ाव में हम एक-दूसरे के साथ हैं। कटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'डी 23 फैन...' का हुआ ऐलान

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी ने 2024 के लिए अपनी डी 23 फैन इवेंट की पूरी योजना की जानकारी दे दी है। इससे पहले कंपनी ने सीईएस पर इस साल घोषणा की थी कि वह इस बार अपने फैन कन्वेंशन के साथ नए क्षेत्रों में कदम बढ़ाएगी, पहली बार इसे डिज्नी+ पर स्ट्रीम करेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करेगी। शुक्रवार, 9 अगस्त को शाम 7 बजे डिज्नी एंटरटेनमेंट शोकेस में सितारों की महफिल सजेगी, जिसमें प्रशंसकों को आने वाली फिल्मों, सीरीज और शो की विशेष झलक दिखाई जाएगी।



# अदालत में रो पड़े एलेक बाल्डविन

**लॉस एंजिलिस।** न्यू मैक्सिको के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को एलेक बाल्डविन के खिलाफ अनैच्छिक हत्या के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यू मैक्सिको के सांता फे में मुकदमे की अध्यक्षता कर रहीं न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने कहा कि सिनेमैटोग्राफर हैलिना हचिन्स की मौत से संबंधित संभावित गोलियां, जो बाल्डविन के मामले के लिए कारगर हो सकती थीं, पुलिस और अभियोजकों द्वारा उनके वकीलों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। न्यू मैक्सिको में बाल्डविन का मुकदमा शुरू होने के तीन दिन बाद न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने शुक्रवार को बचाव पक्ष के अनुरोध पर साक्ष्य सुनने के बाद फैसला सुनाया। एलेक बाल्डविन फैसला सुनने के बाद रो पड़े और उन्होंने अपनी पत्नी हिलारिया बाल्डविन को गले लगाया, जो इस सप्ताह की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद थीं।



# ऐश्वर्या ने झेला रिजेक्शन सुनाई आपबीती

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस ऐश्वर्या राजेश ने लोगों के मिले ताने और करियर रिजेक्शन पर खुलासा किया। ऐश्वर्या ने कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया कि वह हीरोइन बनने के लिए बहुत सिंपल है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि वह स्टार की तरह पेश नहीं आती और समय बर्बाद कर रही हैं। ऐश्वर्या राजेश ने कहा, 'जब मैंने एक्टिंग करना शुरू किया तो कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि मैं हीरोइन नहीं बन सकती, क्योंकि मैं बहुत सिंपल हूं। शुरुआत में मुझे बहुत सारे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, लेकिन मैं आगे बढ़ती रही और हिम्मत बनाए रखी।' कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं ऐश्वर्या राजेश आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उनकी गिनती साउथ की पॉपुलर और टॉप एक्ट्रेसेस में होती है। ल



# 'काकुड़ा' से मुकाबला करते दिखे रितेश

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने आदित्य सरपोतदार की फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकुड़ा' ऐलान के बाद से ही सुर्खियों में छाई हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया। वहीं, अब फैंस की उत्सुकता को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता रितेश देशमुख का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। इस तीखे और डरावने मुकाबले में यह देखना बाकी है कि आखिर में कौन जीतेगा।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता का...' में वापसी कर रहा है ये मेन कैरेक्टर?

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते करीब 16 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। ये एक ऐसा शो है जिसे हर उम्र के लोग देखना पसंद करते हैं। इस शो की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके किरदार भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहते हैं। इस शो में अब तक कई कलाकार आए और गए, लेकिन जाने के बाद के भी वो फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। बीते कुछ सालों में कई मेन कलाकारों ने शो को अलविदा कहा। वहीं, ये शो कई विवादों में भी घिरा रहा है। इस बीच अब शो के एक लीड कलाकार की वापसी की खबर सामने आ रही है। इस एक्टर का नाम सुनकर आप भी खुशी से झूम उठेंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाकर घर-घर में फेमस हुए गुरुचरण सिंह एक बार फिर से शो में वापसी कर सकते हैं। गुरुचरण का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो शो में वापसी को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। गुरुचरण से जब पूछा गया कि क्या उन्हें फिर से तारक मेहता में देखने को मिलेगा।

## 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए अरमान मलिक ने हथियाया था ये हथकंडा


**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' को लेकर दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट काफी बढ़ता जा रहा है। शो में इस बार पत्रकार से लेकर यूट्यूबर, रैपर, टीवी और बॉलीवुड तक के स्टार्स ने एंट्री ली है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में दो बीवियों वाले अरमान मलिक हैं। अब बिग बॉस 17 के एक्स कंटेस्टेंट तहलका प्रैंक उर्फ सनी आर्या ने उनका असली चेहरा दिखाया है। सनी ने वीडियो शेयर कर दिखाया कि शो में आने के लिए अरमान किस हद तक जा सकते हैं।



तहलका, अरमान का वीडियो बना रहे होते हैं, तभी वो उनसे कैमरा छीनने की कोशिश करते हैं। इस पर सनी, अरमान से कहते हैं कि ये हरकत मत कर पहले बोल रहा हूं। लोगों ने कहा कि तू नाटक कर रहा है। बिग बॉस में जाने के लिए इस तरह के हथकंडे हथियाते हो। इस पर अरमान कहते हैं कि मुझे कोई शौक नहीं है बिग बॉस में जाने का छत्तीस मैसेज आ रखें हैं।


# 'द कार्दशियन' में दिखेगी अनंत-राधिका की शादी की झलक?

**मुंबई।** किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का हिस्सा बनने के लिए बीते दिन 11 जुलाई को मुंबई पहुंचीं। वेन्यू पर दोनों का भव्य स्वागत हुआ। साथ ही किम और क्लो ने पैपराजी के कैमरों के लिए भी ढेरों पोज दिए। वहीं, अब कार्दशियन बहनों को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो स्टार बहनें अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए इस वेडिंग को फिल्माने वाली हैं। कथित तौर पर किम और क्लो अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को कैप्चर करेंगी। जानकारी तो यह भी है कि बहनें यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ग्लैम टीम लेकर आई हैं कि वे अपनी पूरी यात्रा के दौरान सर्वश्रेष्ठ दिखें। अपने हेयर स्टाइलिस्ट क्रिस एपलटन, मेकअप कलाकार और फिल्म निर्माता के साथ, किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन अपने शो के संभावित छठे सीजन के मुख्य आकर्षण के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भारत आने से लेकर भारत में रुकने तक की अपनी यात्रा को फिल्माएंगी।



# 'कई पुराने परिचितों के लिए प्यार महसूस हुआ' अनंत-राधिका की शादी के बाद यादों में खोए बिग बी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने का अपना अनुभव साझा किया। अभिनेता अपने परिवार, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के साथ इस भव्य समारोह में शामिल हुए। शादी में शामिल होने के बाद बिग बी ने देर रात अपने ब्लॉग पर इस कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। अपने ब्लॉग में अभिनेता ने अपने अनुभव को साझा करने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है। एक शानदार शादी से वापस



*'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है।*

आकर मैं लंबे समय के बाद इतने सारे पुराने परिचितों के साथ प्यार और स्नेह की समृद्धि महसूस कर रहा हूं। अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'ऐसा लग रहा था कि उनकी शारीरिक बनावट बदल गई है, लेकिन वे अपने रिश्ते और साथ में बिताए गए समय के प्रति बेहद ईमानदार हैं। यही तो जीवन है, रिश्ता, प्यार और देखभाल।' अमिताभ बच्चन ने आगे अपनी पुराने रिश्तों को भी याद किया और लोगों के जीवन में उसके महत्व को भी समझाया। उन्होंने आगे लिखा, 'यह अजीब है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें जो एक-दूसरे के लिए मायने रखती हैं, बनी रहती हैं, लेकिन जिनके साथ गहरा संबंध था या जिन्होंने सार्थक समय बिताया था, वे खो जाते हैं और भुला दिए जाते हैं... वास्तव में भुलाए नहीं जाते हैं, लेकिन पीछे रख दिए जाते हैं और केवल तभी याद किए जाते हैं या सामने लाए जाते हैं, जब संबंध का आवश्यक अर्थ होता है।'

# जब इस फिल्म ने बुलंद कर दिया था धर्मेंद्र का सितारा, बना दिया था सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र का नाम बॉलीवुड के उन एक्टर्स में शुमार रहा है, जो उम्दा एक्टर होने के साथ साथ गजब की फैन फॉलोइंग भी रखते थे। करियर की पीक पर रहते हुए उन्होंने एक से बढ़ एक फिल्में दी हैं, जिसमें एक्शन से लेकर रोमांस और कॉमेडी जोनर तक की फिल्में शामिल हैं। वैसे तो धर्मेंद्र का करियर पचास और साठ के दरम्यानी दौर में शुरू हो गया था, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा हिट फिल्मे रहीं लेट सिक्सिटीज फिर सत्तर के दशक की। यही वो समय था जब उनकी एक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल दिखाया कि करीब पचास हफ्ते तक वो फिल्म थिएटर से उतरी ही नहीं। इस फिल्म को प्यार न सिर्फ भारत में मिला, बल्कि दुनियाभर में भी ये फिल्म छाई रही।



## धर्मेंद्र की वो सुपरहिट फिल्म

वैसे तो धर्मेंद्र अब भी फिल्मों में एक्टिव हैं। 88 साल की उम्र में धर्मेंद्र, शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनकी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिख चुके हैं। इससे पहले रॉकी और रानी की लवस्टोरी में भी धर्मेंद्र नजर आए । लेकिन हम जिस मूवी की बात कर रहे हैं वो आई थी साल 1977 में। ये फिल्म थी धरम वीर। इस एक्शन ड्रामा मूवी में धर्मेंद्र के साथ दिखी थीं जीनत अमान, जितेंद्र और नीतू सिंह। इन सबके अलावा प्राण भी इस फिल्म में अहम भूमिका में थे।

**50 हफ्ते तक लगी रही फिल्म :** जुड़वा भाइयों की कहानी पर बेस्ड ये फुल ड्रामा मूवी, भारत में खूब पसंद की गई। फिल्म करीब पचास हफ्ते तक थियेटर में लगी रही। उस दौर में फिल्म ने सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ही 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा फिल्म ने यूनाइटेड किंगडम यानी कि इंग्लैंड के पांच शहरों में भी 23 सफल शो देखे। उस दौर में सिर्फ इंग्लैंड में फिल्म ने 4 लाख 38 हजार रुपए की कमाई की। यहां मोहम्मद रफी की आवाज में गाए गीत भी खूब पसंद किए गए।

# ऐश्वर्या से माफी मांगना चाहते हैं इमरान...

**मुंबई।** एक इंटरव्यू में एक्टर इमरान हाशमी ने उस किस्से के बारे में बात की जब उन्होंने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इमरान हाशमी ने अब उसबारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि वो ऐश्वर्या राय से इस बात के लिए माफी मांगना चाहेंगे। इमरान हाशमी से पूछा गया कि क्या उन्हें ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहने का पछतावा है? सवाल सुनते ही इमरान हाशमी ने कहा कि हां उन्हें इस चीज का पछतावा है। उन्होंने कहा कि मैं कहता रहता हूं कि मैनें जिनके बारे में बात की, उनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए इमरान ने कहा कि मुझे उस चीज का पछतावा है क्योंकि वो बहुत अप्रिय था। अब लोग बहुत सेंस्टिव हो चुके हैं। लोग सोशल मीडिया पर हर चीज पर नाराज हो जाते हैं। इमरान हाशमी ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि अगर ऐश्वर्या राय को उनकी बात का बुरा लगा था वो उनसे माफी मांगना चाहेंगे। बता दें, कॉफी विद करण के चौथे सीजन के एक एपिसोड में इमरान हाशमी ने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इसके बाद, इमरान हाशमी को सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल किया गया था। इमरान हाशमी ने कहा कि मैं बस हैंपर जीतना चाहता था और इसलिए मैंने वो कहा। हालांकि, ऐश्वर्या राय ने कभी इमरान हाशमी के इस स्टेंटमेंट पर सीधे तौर पर रिएक्ट नहीं किया है।



# कुछ म्यूचुअल फंड ने दिया 48% से ज्यादा रिटर्न

## निवेशकों को कर रहे मालामाल, आप भी कर सकते हैं निवेश, कोई भी निवेश करने से पहले खुद की रिस्क क्षमता जांच लें लक्ष्य तय कर लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाएं, धैर्य और संयम के साथ निवेश करें, अच्छा मुनाफा मिलेगा

अगर आप भी निवेश करने जा रहे हैं जो एक बार बाजार के बारे में रिसर्च कर लें। इसके बाद निवेश के लिए उतरेंगे तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने लक्ष्य तय कर धैर्य और संयम के साथ निवेश करें और मजबूती के साथ बाजार में उतरें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और जल्द अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकेंगे। बाजार में पैसे लगाने वाले ज्यादातर इनवेस्टर्स की दिलचस्पी सबसे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे शेयरों में रहती है, लेकिन कुछ म्यूचुअल फंड्स ऐसे हैं, जिनमें ऐसे स्टॉक्स पर फोकस करके निवेश किया जाता है, जिनका प्रदर्शन फिलहाल खराब चल रहा हो। अपने इस उल्टे मिजाज की वजह से ही इन्हें कॉन्ट्रा म्यूचुअल फंड का नाम दिया गया है। कॉन्ट्रा फंड्स के मैनेजर्स को ऐसे ही स्टॉक्स की तलाश रहती है, जो फंडामेंटल्स के लिहाज से स्ट्रॉन्ग होते हुए भी कमजोर प्रदर्शन कर रहे हों। इसके पीछे सोच यह रहती है कि फिलहाल कमजोर दिख रहे ऐसे स्टॉक्स में पिछले रुझान को पलटकर शानदार रिटर्न देने की क्षमता छिपी रहती है। पिछले 1 साल में कॉन्ट्रा फंड्स की थीम वाले सभी म्यूचुअल फंड्स ने 48 फीसदी या उससे ज्यादा रिटर्न देकर इस बात को सच साबित किया है। ऐसे में इन फंडों में निवेश बढ़िया रिटर्न दिला सकता है और आपको जल्द अमीर बना सकता है।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क


### कॉन्ट्रा फंड्स का शानदार प्रदर्शन

भारत में कॉन्ट्रा फंड्स की सोच को फॉलो करने वाली म्यूचुअल फंड स्कीम्स की संख्या ज्यादा नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के मुताबिक देश में फिलहाल ऐसी कुल तीन स्कीम चल रही हैं।

### ये हैं तीन स्कीमें

1. एसबीआई कॉन्ट्रा फंड
2. इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड
3. कोटक इंडिया कॉन्ट्रा फंड

*(इन तीनों ही स्कीम ने पिछले 1 साल में रिटर्न के मामले में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ये तीनों स्कीमों ने 48 फीसदी से अधिक रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है।)*



### ऐसा रहा प्रदर्शन

**एसबीआई कॉन्ट्रा फंड**

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 48.40%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.51%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.42%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 35,304.23 करोड़

### इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 49.79%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.55%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.72%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 16,502.57 करोड़ रुपये

### कोटक इंडिया ईक्यू कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 54.80%
- 3 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 26.80%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 25.05%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3,582.99 करोड़ रुपये

### कॉन्ट्रा फंड के मुनाफे पर टैक्स

कॉन्ट्रा फंड का 65 परसेंट से ज्यादा निवेश इक्विटी में होता है। इसलिए इन्हें इक्विटी म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा गया है। जाहिर है इन पर इनकम टैक्स के वही नियम लागू होते हैं, जो इक्विटी फंड के लिए बनाए गए हैं। यानी कॉन्ट्रा फंड की यूनिट्स को 1 साल से कम समय में बेचने पर मुनाफा हुआ तो उस पर 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स देना पड़ेगा, लेकिन 1 साल या उससे ज्यादा होल्ड करने के बाद बेचने पर 1 लाख रुपये तक का सालाना मुनाफा टैक्स फ्री है। उससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। यानी कॉन्ट्रा फंड में निवेश करना टैक्स के लिहाज से भी अच्छा है। इसलिए इन फंडों में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने पोर्टफोलियों की भी समय समय पर समीक्षा करते रहना जरूरी है, ताकि आप आसानी से अपने पैसे को सुरक्षित रख सकें और अच्छा रिटर्न हासिल कर सकें।

### निवेश से पहले रिस्क भी समझ लें

देश के कॉन्ट्रा फंड्स का पिछला रिटर्न तो काफी अच्छा रहा है, लेकिन इसे भविष्य में वैसे ही परफॉर्मेंस की गारंटी नहीं माना जा सकता। इसके अलावा इक्विटी फंड होने की वजह से कॉन्ट्रा फंड्स ज्यादा जोखिम वाले निवेश की कैटेगरी में आते हैं। लिहाजा अपनी रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखें और निवेश का फैसला करने से पहले अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह जरूर लें। वैसे भी निवेश करने से पहले खुद के लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखते हुए ही निवेश की तरफ कदम बढ़ाने होंगे।

# क्रिप्टो में निवेश कर रहे हैं तो जान लें कर का नियम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

यदि आप भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं तो आपको इस समय टैक्स का नियम भी जान लेना चाहिए, वरना 31 जुलाई बीत जानें के बाद आप मुश्किल में फंस सकते हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी 2022 में फैसला किया था कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगाया जाएगा और सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस कटेगा। इसके बाद भी लोग क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करते रहे। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से पहले ही समझ लें कि क्रिप्टो पर कर कैसे लगाया जाता है ताकि आगे आपको दिक्कत न हो।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या आभासी करेंसी है, जो सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसकी डोर किसी एक सरकार या केंद्रीय संस्था के हाथ में नहीं है। उसके बजाय यह ब्लॉकचेन तकनीक पर चलती है, जो असल में एक डिजिटल रजिस्टर की तरह होता है। इसमें कई कंप्यूटरों का नेटवर्क होता है और सभी सौदे उन पर दर्ज होते रहते हैं।

निवेशक साल में क्रिप्टो संपत्तियां बेचता है टैक्स देना होगा
क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करना सबसे रिस्की श्रेणी में माना गया
क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगेगा
सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस भी कटेगा



### मुनाफे पर 30 फीसदी कर

सबसे पहले तो क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर सीधा 30 फीसदी कर काटा जाता है। आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच कहती है कि क्रिप्टोकरेंसी समेत सभी वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के किसी भी प्रकार के लेनदेन से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर काटा ही जाएगा। उसके अलावा उस पर अधिभार और उपकर भी लगेंगे।

### ऐसे समझें

मान लीजिए कि आपने बिटकॉइन की ट्रेडिंग से 1 लाख रुपये कमाए हैं तो आपको इस पर बतौर कर 30,000 रुपये देने होंगे। उसके ऊपर 1,200 रुपये उपकर भी काटा जाएगा। इस तरह 1 लाख रुपये की कमाई पर आप 31,200 रुपये कर देंगे।

### घाटे की भरपाई नहीं

वर्चुअल डिजिटल संपत्ति से होने वाले घाटे के बदले आप किसी अन्य वर्चुअल डिजिटल संपत्ति पर हुए मुनाफे या किसी अन्य प्रकार की आय पर कर छूट नहीं मांग सकते। करयोग्य आय में से केवल ऐसी संपत्तियों को खरीदने पर हुआ खर्च ही घटाया जा सकता है।

### क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस

1 जुलाई 2022 से एक सीमा से अधिक वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस काटा जा रहा है। यूजर्स की ओर से टीडीएस काटने की जिम्मेदारी क्रिप्टो एक्सचेंज की है। मगर यदि दो यूजर्स आपस में लेनदेन करते हैं तो खरीदने वाले को टीडीएस काटकर जमा करना होगा। मान लीजिए कि आपने 60,000 रुपये के एथेरियम बेचे तो खरीदार 600 रुपये टीडीएस काटने के बाद आपको 59,400 रुपये दे देगा।

### क्रिप्टो माइनिंग पर कर

क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग में यानी उन्हें तैयार करने में बहुत ताकतवर कंप्यूटर या खास हार्डवेयर का इस्तेमाल होता है, जो लेनदेन का सत्यापन करता है और उसे ब्लॉकचेन नेटवर्क पर चढ़ा देता है। इस नेवटर्क में माइनर या नोड गणित की पेचीदा गुत्थियों को सुलझाने में एक दूसरे का मुकाबला करते हैं। जो माइनर सबसे पहले उसे सुलझा लेता है, उसे बतौर इनाम क्रिप्टोकरेंसी मिलती है। इस तरह माइनिंग से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगता है। कर का हिसाब लगाते समय माइनर की क्रिप्टोकरेंसी की खरीद कीमत शून्य मान ली जाती है।

### कमर्शल और निजी निवेशक निवेशक

निवेशक चाहे निजी हो या कमर्शल, उसके लिए कर के नियम और दरें एक ही होंगी। मान लीजिए कि कोई फर्म क्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग से 5 लाख रुपये कमाती है तो उसे 1.50 लाख रुपये कर और 6,000 रुपये उपकर यानी कुल 1.56 लाख रुपये देने होंगे। जानकारों का कहना है कि 'क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगने से उनके लेनदेन और सौदों में नियमों का अनुपालन और जवाबदेही पक्की हो जाती है। अल्पावधि और दीर्घावधि मुनाफे पर एक जैसा कर कटने के कारण क्रिप्टोकरेंसी की आय भी दूसरी तरह की आय के बराबर हो गई है। इन कर प्रावधानों का मकसद क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गतिविधियों को कायदे में लाना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा सभी प्रकार के निवेशकों तथा लेनदेन पर न्यायोचित कर लगाना है।'

# रिटर्न के मामले में निफ्टी को पछाड़ आगे निकला सोना

**लगातार कुलाचें मार रहे सोने में इस साल तेजी का माहौल**

## एक जनवरी से अब तक गोल्ड ने निफ्टी-50 को पीछे छोड़ा | ग्लोबल मार्केट में गोल्ड में करीब तेरह प्रतिशत की तेजी दिखाई दी

निवेश के लिहाज से सेफ हेवन समझे जाने वाले गोल्ड का रिटर्न अगर ज्यादा रिस्की कहे जाने वाले इक्विटी इनवेस्टमेंट से बेहतर हो जाए, तो भला निवेशकों के लिए इससे अच्छा और क्या हो सकता है। 2024 के साल में अब तक कुछ ऐसा ही रुझान देखने को मिला है, जिसकी वजह से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड में निवेशकों की दिलचस्पी काफी बढ़ गई है। दरअसल, सोने की कीमतों में मौजूदा कैलेंडर इयर के दौरान इतनी मजबूती आई है कि रिटर्न के मामले में इसने शेयर मार्केट के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 50 को भी पीछे छोड़ दिया है।

### निफ्टी 50 के मुकाबले बेहतर रिटर्न

1 जनवरी 2014 से 30 जून 2024 के बीच निफ्टी 50 में करीब 10.4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, जबकि इसी इंडेक्स का साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न करीब 11.9 फीसदी रहा है। सोने का पिछले 6 महीनों का रिटर्न करीब 18 फीसदी और साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न 14.78 फीसदी रहा है। ग्लोबल मार्केट में भी इस दौरान गोल्ड में करीब 13 फीसदी की तेजी देखने मिली।

रिकॉर्ड
बिजनेस डेस्क

### गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश

सोने में इस तेजी के बीच दुनिया भर में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में निवेश का रुझान भी काफी बढ़ा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जून में लगातार दूसरे महीने गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड ईटीएफ) में पॉजिटिव इनफ्लो देखने को मिला है। जून में यह इनफ्लो करीब 1.4 अरब डॉलर का रहा है। कैलेंडर इयर की पहली छमाही के दौरान एशियन गोल्ड ईटीएफ में कुल मिलाकर करीब 3 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश देखने को मिला।

### सोने में क्यों आ रही तेजी

गोल्ड में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जबकि दुनिया के अधिकांश देशों की ग्रोथ रेट में कमजोरी का माहौल है। ऐसा लगता है कि जोखिम से बचने वाले निवेशक सोने की तरफ बड़े पैमाने पर आकर्षित हुए हैं। इस तेजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जियो-पोलिटिकल टेंशन के बीच तमाम देशों के सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी का भी बड़ा हाथ रहा है।



### सुरक्षित निवेश

सोने को शेयर बाजार की तुलना में हमेशा ही ज्यादा सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में इतना ऊंचा रिटर्न वाकई निवेशकों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी है। लगातार ऊंची ब्याज दरों के बावजूद सोने की इस तेजी से पता चलता है कि सेफ हेवन इनवेस्टमेंट के तौर पर सोने की स्थिति कितनी मजबूत है।

### आगे भी रहेगा तेजी का रुझान?

सोने की कीमतें फिलहाल घरेलू और ग्लोबल, दोनों बाजारों में रिकॉर्ड हाई के करीब चल रही हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या तेजी का रुझान आगे भी बने रहने के आसार हैं? या फिर इसमें बदलाव देखने को मिलेगा? गोल्ड को मजबूती देने वाले कारणों पर विचार करें तो लगता है कि जियो-पोलिटकल टेंशन की वजह से बढ़ी सेफ हेवन इनवेस्टमेंट वाली डिमांड अभी बनी रहेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इजरायल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। इसके अलावा अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो इससे सोने की मांग को एक और बूस्ट मिल सकता है।

### सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले फैक्टर

दरअसल, सोना एक ऐसा एसेट है, जिसमें निवेश करने पर ब्याज नहीं मिलता। लिहाजा, जब ब्याज दरें घटती हैं, तो सोने में निवेश तुलनात्मक रूप से और आकर्षक हो जाता है। हालांकि अब तक यह बात पूरी तरह साफ नहीं है कि यूएस फेड वाकई ब्याज दरों में कटौती करेगा या नहीं और करेगा तो कब, लेकिन उसके इस दिशा में कदम उठाने की उम्मीद बढ़ती लग रही है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक 31 जुलाई को होनी है। पिछले हफ्ते अमेरिका के मैक्रो इकनॉमिक डेटा में खराब आर्थिक प्रदर्शन के संकेत मिलने से इन उम्मीदों को ताकत मिली है कि सितंबर तक ब्याज दरों में राहत मिल सकती है।

**पॉलिसी** पहले प्लानिंग करें और फिर निवेश की सोचें, सोची-समझी रणनीति हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में मददगार

# बनाएं रणनीति, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी बन सकती गेमचेंजर, पूरे कर सकती है आपके फाइनेंशियल गोल

**जैसे फुटबॉल में जीत के लिए मजबूत डिफेंस जरूरी है, वैसे ही परिवार के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सही फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी है**

समझदारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश हैं या करने जा रहे हैं तो जान लें कि निवेश भी फुअबॉल के मैच की तरह ही होता है। फुटबॉल प्रेमी होने के नाते, मुझे यह खेल बेहद रोमांचक लगता है, लेकिन इसमें धैर्य, दृढ़ता और समय की ज़रूरत होती है। दरअसल यह खेल कभी भी कोई भी मोड़ ले सकता है और यही इसके आकर्षण को और बढ़ा देता है। जीवन, एक फुटबॉल मैच की तरह, स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला का नाम है। रोजमर्रा के जीवन में और फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में पर्याप्त बचाव की जरूरत होती है। उचित रणनीति और सोची-समझी चालें, हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में बहुत मदद कर सकती हैं।

### बेहद अहम है लाइफ इंश्योरेंस

बेयर बायंट का यह कथन बेहद मशहूर है कि आक्रामकता से टिकट बिकता है, डिफेंस से चैंपियनशिप जीती जाती है। निवेश विकल्प के सही मिक्स के साथ बेहतर फाइनेंशियल प्लान वह डिफेंस तैयार करता है, जिसकी आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यकता होती है। बढ़ती वित्तीय साक्षरता, आय के बढ़ते स्तर और अधिक जागरूकता के साथ-साथ अधिक टेक्नोलॉजी अपनाने और नीतिगत सुधारों के साथ, भारत में अधिक से अधिक परिवार लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल प्लान की आवश्यकता समझ रहे हैं। लोग सुरक्षा के लिए कई लाभ देने वाली लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के महत्व को समझने लगे हैं। दरअसल, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी समग्र घरेलू वित्तीय बचत मिक्स में टॉप तीन पसंदीदा निवेश विकल्पों में से एक है। वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 तक इसमें 11% के सीएजीआर से बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जिसका कुल वित्तीय बचत में 18% का योगदान है।



### क्या बीमा कवर पर्याप्त है

अगर हम इसे बीमा की पैठ के नजरिए से देखें तो स्थिति वास्तव में आशावादी दिखती है, क्योंकि हमारे देश में लगभग 70 फीसदी परिवार किसी न किसी तरह की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से सुरक्षित हैं। मुझे यह वृद्धि कुल मिलाकर सकारात्मक संकेत नजर आती है, हालांकि, चिंताजनक पहलू या मुख्य प्रश्न यह है कि क्या कवर (सुरक्षा) पर्याप्त है? सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में जीडीपी के परसेंटेज के तौर पर कुल बीमित रकम मुश्किल से 70% है, जबकि अमेरिका में यह 251%, थाईलैंड में 143% और मलेशिया में 153% है। यह बीमा कवरेज की मात्रा में अहम अंतर को दर्शाता है। जब कोई इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी जाती है, तो लोग हमेशा इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि वास्तव में जरूरत पड़ने पर पर्याप्त जीवन कवर की आवश्यकता होगी।

### टर्म प्लान में पर्याप्त कवरेज जरूरी

पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस के बिना, परिवारों को प्रमुख वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य एसेट्स को बेचने या अन्य निवेशों को भुनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे उनके जीवन के लक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं और भारतीय इस जरूरत को तेजी से पहचान रहे हैं। अपर्याप्त कवरेज के कारण अक्सर परिवारों को अपर्याप्त वित्तीय सहायता मिलती है, जिससे उनकी ज़रूरतों का केवल एक हिस्सा ही पूरा होता है, जिससे टर्म प्लान का उद्देश्य अप्रभावी हो जाता है। मौजूदा आय, बचत, देनदारियों और पारिवारिक स्थिति का व्यापक मूल्यांकन लाइफ इंश्योरेंस के उपयुक्त स्तर को तय करने में मदद कर सकता है, जिसे वित्तीय और जीवन लक्ष्य प्लान का हिस्सा होना चाहिए। सामान्य नियम यह है कि किसी शख्स की सालाना आय का 10 गुना लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षित किया जाना चाहिए। इससे पॉलिसीहोल्डर के परिवार को दुर्भाग्य से उसके मृत्यु की स्थिति में वित्तीय सहायता ठीक तरह से मिलेगी।

### कहां मिलेगा ज्यादा रिटर्न

हाल के दिनों में हमने देखा है कि हमारी रेगुलेटरी बॉडी इरडा ने '2047 तक सभी के लिए बीमा' उपलब्ध कराने की दिशा में कई तरह के सुधार किए हैं। इनमें व्यवसाय और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर के साथ-साथ जोखिम आधारित पूंजी व्यवस्था, आईएफआरएस और जोखिम आधारित ऑब्जर्वेशन स्ट्रक्चर को लागू करना शामिल है। यह सब इसलिए किया गया है कि अगले कुछ सालों में भारत में बीमा पैठ बढ़े। दिलचस्प बात यह है कि इरडा लगातार अपने डिजिटल इकोसिस्टम का विस्तार कर रहा है, अनुकूल कारोबारी माहौल बना रहा है और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर बना रहा है और यह सब इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने और देश के अधिक से अधिक लोगों के लिए बीमा सुलभ बनाने के लिए किया जा रहा है।

### लक्ष्यों को ट्रैक पर रखें

इंडस्ट्री और रेगुलेटरी मिलकर नए, सरल और नवोन्मेषी प्लान, वितरण चैनलों में सुधार और नए जमाने की टेक्नोलॉजी को अपनाकर तेज और अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओं के जरिये कई उपाय कर रहे हैं। इसका मकसद है लाइफ इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना और पर्याप्त कवरेज के बारे में जानकारी बढ़ाना। यह सभी के लिए अपने वित्तीय पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और पर्याप्त जीवन कवर के महत्व को समझने के लिए अनुकूल माहौल और अवसर प्रस्तुत करता है। जिस तरह फुटबॉल में एक मजबूत डिफेंस योजना खेल-जीतने वाला सीजन सुनिश्चित करती है, उसी तरह आपके वित्तीय पोर्टफोलियो में उचित रक्षा योजना आपके परिवार को अपने जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखने में मदद करती है।

# भयावह बाढ़ से उत्तर प्रदेश में हालात अति गंभीर

# 800 गांव घिरे, 6 की मौत और हजारों लोग पलायन को मजबूर

## भारी बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी से हाइवे बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारी बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी के बाद उत्तर प्रदेश के कई शहरों में अब बाढ़ का असर विकराल हो रहा है। बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सीतापुर के करीब 250 गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

वहीं, लखीमपुर खीरी के 150, शाहजहांपुर के 30, बदायूं के 70, बरेली के 70 और पीलीभीत के करीब 222 गांव की बड़ी आबादी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। बलिया में भी बाढ़ की स्थिति के चलते कुछ घरों के बहने की खबर है।





**मेडिकल कॉलेज परिसर में भरा पानी**

शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी भरने के बाद मरीजों को आसपास के जिन अस्पतालों में शिफ्ट किया गया था, उनमें भी पानी भरने के बाद समस्या विकराल हो गई। शहर के बाहरी हिस्से में बसी आवास विकास कॉलोनी समेत अन्य निचले इलाकों से करीब 10 हजार लोगों ने पलायन किया है। एनडीआरएफ की टीम ने 225 लोगों को बचाया। बाढ़ से एसएस कॉलेज के पुस्तकालय में रखीं सैकड़ों साल पुरानी पांडुलिपियां नष्ट हो गई हैं। खीरी, शाहजहांपुर और बरेली में बाढ़ ने 6 और लोगों की मौत हो गई।

### पहाड़ी और पूर्वोत्तर के राज्यों में आफत

इस समय लगभग सारा देश मानसूनी बारिश से भीग रहा है। यह बारिश पहाड़ी और पूर्वोत्तर के राज्यों के नागरिकों के लिए आफत बन गई है। उत्तराखंड के जोशीमठ में भू-स्खलन की वजह से बंद बद्रीनाथ हाइवे 83 घंटे बाद खुल गया है। यहां लगभग 4500 यात्री जगह-जगह फंस गए थे। असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार तो हुआ है पर अभी भी 12 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।

### कई राज्यों में मूसलाधार बारिश दर्ज

पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्य महाराष्ट्र, तटीय आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, असम और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी मूसलाधार बारिश रिकॉर्ड की गई है। राजस्थान के नागौर जिले के परबतसार में सबसे अधिक 89 मिलीमीटर और धौलपुर जिले के सेपाउ में 65 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस समय असम, महाराष्ट्र समेत कई राज्य बारिश संबंधी गतिविधियों से जूझ रहे हैं।

### आईएमडी ने 23 राज्यों के लिए रेड ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया



देश के 23 राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 5दिन बहुत भारी बारिश होने की संभावना है और विभाग ने रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में 13, 14, 17 और 18 जुलाई को भारी बारिश हो सकती है। 1-12 जुलाई के बीच राज्य में 81.8 मिलीमीटर बारिश हुई है जो इस अवधि में सामान्य 85.6 मिलीमीटर से चार फीसदी कम है। शुक्रवार को धर्मशाला में सबसे अधिक 12.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे के दौरान मेघालय, गुजरात, कोंकण, गोवा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अच्छी बारिश हुई है। बिहार, पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर ठीक-ठीक बारिश हुई है।

## खबर संक्षेप

### सबरकांठा में चार बच्चों की रहस्यमयी मौत

**साबरकांठा।** गुजरात के साबरकांठा जिले में संदिग्ध चांदीपुरा वायरस के संक्रमण से



4बच्चों की मौत हो गई। 2 का उपचार चल रहा है। चांदीपुरा वायरस बुखार, फ्लू के समान लक्षणों और मस्तिष्क की सूजन का कारण बनता है। यह वायरस वेसिकुलोवायरस जीन का सदस्य है। यह मच्छरों-मक्खियों जैसे रोगवाहकों से फैसला है।

### डांस शो में मुर्गी का सिर काटा, खून चेहरे पर लगाया

**अनकापल्ली ।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली में डांस शो के दौरान एक मुर्गी को जान-बूझकर मारने के



मामले में कलाकार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कलाकार ने कार्यक्रम में पक्षी का सिर काटकर उसकी बेरहमी से हत्या की। पशु अधिकार संगठन 'पेटा' की इकाई ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा किया और कहा उसने प्राथमिकी दर्ज कराने के कदम उठाए हैं।

### कर्नाटक आदिवासी बोर्ड के प्रमुख दद्दाल लापता


**बेंगलुरु।** कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष बसनगौड़ा



दद्दाल कथित तौर पर लापता हैं। ईडी उन्हें बोर्ड में अनियमितता के सिलसिले में हिरासत में लेने की तैयारी में था। कांग्रेस के विधायक बसनगौड़ा दद्दाल बेंगलुरु या अपने पैतृक स्थान रायचूर में अपने आवास पर नहीं मिले। शुक्रवार को एसआईटी के सामने पेश हुए थे।

### केजरीवाल का 8.5 किलो वजन घटाः संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आप के राज्यसभा सांसद सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।



उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल का वजन साढे.8 किलो तक कम होने का मामला उठाया। केंद्र पर साजिश का आरोप लगाया है। संजय शर्मा ने कहा, भाजपा का मकसद प्रताड़ित करना है। सरकार का मकसद केजरीवाल की जिंदगी से खिलवाड़ करना है।

### 35 हजार के लिए चाची ने बेच दी 11 साल की बच्ची

**बेंगलुरु।** कर्नाटक से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। तुमकुर की एक 11 वर्षीय



लड़की को उसकी चाची ने कथित तौर पर 35 हजार रुपए का कर्ज चुकाने के लिए बेच दिया था। बच्ची को आंध्र प्रदेश के हिंदूपुर में बेचा गया था। लेकिन तुमकुर सिटी की पुलिस ने उसे सफलतापूर्वक बचा लिया और उसके घर वापस ले आई। नाबालिग मौसी के घर थी।

## आपातकाल पर राउत के बयान से भड़की भाजपा, सुधांशु का कांग्रेस पर हमला

# जयप्रकाश के नेतृत्व में आंदोलन अराजक था? लालू और मुलायम अराजकता का हिस्सा थे?

केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया है। इस पर संजय राउत ने केंद्र पर साधा था निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने शनिवार को अपनेबयान में आपातकाल लागू करने के इंदिरा गांधी सरकार के फैसले का बचाव किया। इसके बाद भाजपा को कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर हमला करने का मौका मिल गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि अगर कल को कांग्रेस और इंडी गठबंधन को फिर से सत्ता में आने का मौका मिला तो वे फिर से देश में आपातकाल लागू कर देंगे।

राउत ने कहा कि कुछ लोग देश में अराजकता फैलाना चाहते थे, जिसके चलते आपातकाल लागू किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में अगर अटल बिहारी वाजपेयी भी प्रधानमंत्री होते तो वे भी इमरजेंसी लागू कर देते। राउत पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 'मैं इंडी गठबंधन के नेताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुआ आंदोलन अराजकता था? लालू प्रसाद यादव और अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव अराजकता का हिस्सा थे?

### भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी और शहजाद ने कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी




### बोले पूनावालाः बघेल ने कहा था- इंदिरा में हिम्मत थी तो इमरजेंसी लगाई



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राउत के बयान पर कहा कि कांग्रेस कहती है कि हम आपातकाल को लेकर माफी मांग चुके हैं तो फिर इस बारे में बात क्यों कर रहे हो, लेकिन आज ये साफ हो गया है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन आपातकाल का समर्थन करता है और इसकी निंदा नहीं करता। यहां तक कि भूपेश बघेल ने भी हाल ही में कहा था कि इंदिरा गांधी में हिम्मत थी, तभी उन्होंने आपातकाल लागू किया। कल अगर कांग्रेस और इंडी गठबंधन सत्ता में आ गया तो वे फिर से आपातकाल लागू करेंगे।

### त्यागी ने जयराम पर किया पलटवार

### लोग जेल में सड़ रहे थे, कांग्रेस जश्न में थी



संविधान हत्या दिवस को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप चल रहा है। इस बीच जनता दल यूनाइटेड के नेता केसी त्यागी ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के ऊपर निशाना साधा है। केसी त्यागी ने कहा कि जेडीयू केंद्रीय मंत्री अमित शाह के इस फैसले का स्वागत करती है। 25 जून 1975 का दिन भारत के इतिहास में एक काला दिन है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी बेहद खुश हैं कि इसे संविधान हत्या दिवस के तौर पर याद किया जा रहा है। जयराम रमेश पर निशाना साधते हुए केसी त्यागी ने कहा कि जब उनकी पार्टी जश्न मना रही थी, हम लोग जेलों में सड़ रहे थे। उन्हें हमारे दर्द के बारे में कोई अंदाजा नहीं है।

### संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले 'संविधान हत्या दिवस' मनाएंगेः प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केंद्र सरकार और भाजपा पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे। प्रियंका ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे।

## वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की समीक्षा

# सरकार देश के सीमांत गांवों के चहुंमुखी विकास को कटिबद्ध



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के कार्यान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार देश के सीमांत गांवों के चहुंमुखी विकास के प्रति कटिबद्ध है।

उन्होंने देश के सीमांत गांवों से पलायन रोकने के लिए स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और गांवों के साथ संपर्क बढ़ाने की ज़रूरत पर बल दिया। इन गांवों में सौर ऊर्जा और पवनचक्की जैसे नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य स्रोतों के अधिकतम उपयोग पर ज़ोर देने की आवश्यकता है। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सशस्त्र पुलिस बलों और सेना को सहकारिता के माध्यम से स्थानीय कृषि और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देना चाहिए।

### बेहतरी के प्रयास जारी रखें

शाह ने सीमांत गावों के मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को जारी रखने का निर्देश दिया। इन सीमांत गांवों में अब तक 6000 से अधिक कार्यक्रम हुए हैं जिनमें लगभग 4000 सेवा वितरण और जागरूकता शिविरों का आयोजन शामिल है। रोजगार सृजन के लिए 600 से अधिक परियोजनाओं को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही लंबित मुद्दों के निपटारे के लिए नियमित अंतराल पर उच्चतम स्तर पर समीक्षा पर विशेष जोर दिया।

### कुकी संगठन ने लिखा शाह को पत्र

मणिपुर के प्रमुख कुकी संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम की ओर से शाह को पत्र लिखा गया है। इसमें राज्य में शांति बहाल करने और केंद्र शासित प्रदेश बनाकर राजनीतिक समाधान निकालने की बात कही गई है। जिरीबाम जिले के फैतोल गांव से एक किशोर सहित 2 ग्रामीणों की गिरफ्तारी और केंद्रीय सुरक्षा बलों की ओर से 7 कुकी महिलाओं की पिटाई की निंदा की गई है। इसके साथ ही इन एजेंसियों पर कई आरोप भी लगाए हैं।

## महाराष्ट्र के जलगांव का मामला, यात्री डरे और सहमे रहे

# उर्स में जा रहे थे लोग, चेन पुलिंग की फिर पत्थरबाजी, बंगाल में भी किया पथराव

एजेंसी ▶▶ जलगांव

महाराष्ट्र के जलगांव जिले के अमलनेर से एक पैसेजर ट्रेन पर पथराव करने का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें जिसमें साफ दिख रहा है कि पथराव के चलते यात्री डरे हुए हैं जबकि कुछ यात्री खुद को बचाने के लिए खिड़कियों को भी बंद कर रहे हैं। फिलहाल कोई भी यात्री घायल नहीं हुए। पुलिस का कहना है कि इनसे सख्ती से निपटा जाएगा।

**पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी**



### वीडियो के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

*वीडियो वायरल होने के बाद आरपीएफ पुलिस, स्थानीय पुलिस और खुफिया टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना 12 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे हुई। ट्रेन नंबर 09078 भुसावल से नंदुरबार जा रही थी। ट्रेन अमलनेर के पास एक दरगाह के पास पहुंची और ट्रेन रुक गई। यहां उर्स में शामिल होने के लिए कई लोग ट्रेन में बैठ गए। जब ट्रेन भोरटेक के करीब पहुंची तो लोगों ने उर्स के मेले में शामिल होने के लिए चेन पूलिंग की। ट्रेन करीब 30 मिनट तक यहां रुकी रही। जब ट्रेन चली तो लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी।*

### उधर, चिनपई रेलवे स्टेशन पर इंजन और डिब्बों को क्षतिग्रस्त किया

*चिनपई रेलवे स्टेशन पर एक लोकल ट्रेन पर भीषण पथराव की घटना सामने आई है। इसमें ट्रेन के इंजन और डिब्बों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा। यह हमला इसलिए किया गया क्योंकि ट्रेन 'आलम फकीर मेला' मैदान पर नहीं रुकी थी, जो चिनपई और दुबराजपुर के बीच स्थित है। इस घटना ने रेलवे सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। पश्चिम बंगाल किस ओर जा रहा है? इस तरह की घटनाएं राज्य के भविष्य पर प्रश्न चिह्न लगाती हैं। इसके पीछे अराजक तत्वों को माना जा रहा है।*

## अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग का मिला अधिकार

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को मिलीं अब दिल्ली के एलजी की तरह शक्तियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब जम्मू- कश्मीर को भी दिल्ली जैसे संवैधानिक अधिकार मिलेंगे। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल को भी अब दिल्ली के एलजी की तरह की प्रशासनिक शक्तियां मिलेंगी। अब जम्मू-कश्मीर में भी सरकार बिना उपराज्यपाल की इजाजत के ट्रांसफर और पोस्टिंग नहीं कर पाएगी।

गृह मंत्रालय ने उपराज्यपाल को अधिक शक्ति देने के लिए जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के नियमों में संशोधन किया। एमएचए ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है, जिसमें एलजी को अधिक शक्ति देने वाली नई धाराएं शामिल की गई हैं।



### 12 जुलाई से लागू हो गए

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नियम में संशोधन को अपनी मंजूरी दे दी है, जिसे अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी 31 अक्टूबर 2019 की उद्घोषणा के साथ पढ़ा गया है। इन नियमों को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर सरकार के कामकाज पर उपराज्यपाल का प्रभाव ज्यादा होगा।

## आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवोव्रत ने जताई उम्मीद

# 7 साल में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

एजेंसी ▶▶ मसूरी

भारत 2031 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें केवल 2060 तक का समय लगेगा।

यह बात आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवोव्रत पात्रा ने मसूरी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। पात्रा ने कहा कि यह कल्पना करना संभव है कि भारत अगले दशक की शुरुआत में ही दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

### मसूरी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया

**सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में लगेगा वक्त**



### हर साल 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ना होगा

*पात्रा ने कहा , इन लक्ष्यों को हासिल करना है , विकसित अर्थव्यवस्था बनना है तो 10 वर्षों तक 9.6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ना होगा।*

**निम्न मध्यम वर्ग सर्वाधिक क्रांतिकारी कदम उठाएं**

वर्तमान में भारत में निम्न मध्यम वर्ग की संख्या सबसे ज्यादा है। वर्तमान में भारत 3.6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। 2500 डॉलर प्रतिव्यक्ति आय पर भारत निम्न मध्यम आय के समूह देशों में आता है। यहां तक पहुंचने के लिए हमने एक कठिन यात्रा का पूरा किया है। भारत को क्रांतिकारी कदम उठाने होंगे।

### देश 2048 तक अमेरिका को अर्थव्यवस्था में पछाड़ देगा भारत

*आर्थिक सहयोग और विकास संगठन का अनुमान है कि पीपीपी के संदर्भ में भारत 2048 तक अमेरिका को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ते इन्फ्लेशन के लिए डिप्टी गवर्नर ने कहा कि यह आरबीआई इसे अपने लक्ष्य के अनुरूप करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2025-26 तक इन्फ्लेशन कम होकर 4.1 प्रतिशत पर आ जाएगी। इस समय भारत की इन्फ्लेशन दर 4.5 है जो घट कर 4.1 पर आ जाएगी। बैंकिंग प्रणाली भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। जीएनपीए, जो कि मार्च 2018 में अपने चरम से गिरकर मार्च 2024 तक कुल संपत्ति का 2.8 प्रतिशत हो गई है। इस समय पर शुद्ध एनपीए केवल 0.6 प्रतिशत है, जो कि देश के पूंजी और तरलता बफर नियामक मानदंडों से काफी ऊपर है।*

## एमओपीएसडब्ल्यू ने दी शोध की मंजूरी

# ड्रेज्ड सेडिमेंट्स को उपयोगी बना उसका मूल्यवर्धन किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) ने ड्रेज्ड सेडिमेंट्स (झीलों, नदियों, बंदरगाहों और अन्य जल निकायों के तलछट में जमा गाद, कचरा आदि) के मूल्यवर्धन पर एक शोध प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इसकी लागत 46,47,380 है जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे 3 वर्षों की अवधि में क्रियान्वित करेगा। इस शोध का प्राथमिक उद्देश्य ड्रेज्ड सेडिमेंट्स को विभिन्न निर्माण क्षेत्रों में इस्तेमाल के लायक बनाकर उसका



मूल्यवर्धन करना है। इसका उद्देश्य आमतौर पर अपशिष्ट के रूप में देखे जाने वाले ड्रेज्ड सेडिमेंट्स को एक मूल्यवान संसाधन में बदलना है, जिससे सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में योगदान मिलेगा। अतिरिक्त सचिव की अध्यक्षता में 45वीं शोध समिति की बैठक में गहन विचार-विमर्श किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)